दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 135 जयपुर, गुरुवार, 25 अप्रैल, 2024 | बैशाख, कृष्ण पक्ष- द्वितीया, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00





मोदी साथे राजस्थान

## नेता, नीति, नीयत सही, तो नतीजे भी सही...

### राजस्थान के डबल इंजन सरकार के कार्य

**सड़क नेटवर्क का विस्तार**
- जनता की सुगम राह के लिए 1000 करोड़ रुपए की स्वीकृति
- 2 हजार करोड़ रुपए की लागत से 1 हजार किलोमीटर स्टेट हाइवे का सुदृढ़ीकरण

**गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में राहत**
- उज्ज्वला एवं अन्य गरीब परिवारों ( बीपीएल) की महिलाओं को मात्र 450 रुपए में हर माह मिलेगा एक रसोई गैस सिलेंडर
- प्रदेश में पेट्रोल व डीजल की कीमतों को कम करने के लिए वैट में 2 प्रतिशत की कटौती

**सबका होगा अच्छा स्वास्थ्य**
- केंद्र सरकार द्वारा लागू आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं प्रदेश में संचालित स्वास्थ्य बीमा योजना को एकीकृत कर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना लागू
- योजना के तहत अब कैंसर जैसी गम्भीर बीमारियों में डे-केयर पैकेज की सुविधा

**किसान कल्याण को समर्पित सरकार**
- पीएम किसान सम्मान निधि के तहत मिलने वाली राशि बढ़कर 8 हजार रुपए
- गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपए पर 125 रुपए का अतिरिक्त बोनस

**महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण**
- राज्य के समस्त पुलिस थानों में महिला डेस्क एवं प्रत्येक जिले में एंटी रोमियो स्क्वाड का गठन
- प्रत्येक जिले में सीसीटीवी कैमरे स्थापित

**प्रदेश में जल उपलब्धता का नया युग**
- संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल (एकीकृत ईआरसीपी) परियोजना से पूर्वी राजस्थान के 21 जिलों में 2 लाख 80 हजार हेक्टेयर में लहलहाएंगी फसलें। प्रदेश की 40 प्रतिशत आबादी को मिलेगा पेयजल

**शिक्षित राजस्थान-विकसित राजस्थान**
- कक्षा 1 से 8वीं तक के समस्त विद्यार्थियों तथा कक्षा 9 से 12वीं तक की छात्राओं को स्कूल बैग, किताबें तथा यूनिफॉर्म के लिए प्रति विद्यार्थी 1 हजार रुपए की सहायता

**युवाओं के लिए रोजगार**
- युवाओं को रोजगार देने हेतु आगामी वर्ष में होंगी लगभग 70 हजार पदों पर भर्तियां
- दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत युवक-युवतियों को नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण

**अपराध की रोकथाम के लिए नए कदम**
- 1046 हिस्ट्रीशीटर्स एवं हार्डकोर और इनामी अपराधियों सहित कुल 9 हजार 994 गिरफ्तार
- भ्रष्टाचार पर रोक के लिए राज्य में कार्यवाही हेतु सीबीआई को अनुमति की बाध्यता खत्म



ATUL

कमल का बटन दबाएं, भाजपा को जिताएं

मोदी की गारंटी

अबकी बार 400 पार

मतदान : 26 अप्रैल 2024 - सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक

भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान द्वारा जारी

## जरूरी खबर

### पीएम को लेकर टिप्पणी करना पड़ा भारी



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाल ही में राजस्थान में दिए बयानों पर नाराजगी व्यक्त करने वाले अपने एक मुस्लिम नेता को भाजपा ने पार्टी से निकाल दिया है। उस्मान गनी बीकानेर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष थे और उन्हें बुधवार को पार्टी की छवि खराब करने के आरोप में पार्टी से बाहर कर दिया गया। गनी ने दिल्ली में एक समाचार चैनल से बात करते हुए कहा था कि पार्टी राज्य की 25 सीटों में से 3-4 सीट गंवा देगी। साथ ही उन्होंने राज्य में चुनावी रैलियों के दौरान मुसलमानों को लेकर की गई प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी की भी आलोचना की थी।

### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन अंतिम तिथि अब 31 मई

**बीकानेर।** शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थियों द्वारा पेपरलेस ऑनलाइन आवेदन पत्र पंजीकरण कर, ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने तथा शिक्षण संस्थाओं द्वारा नवीन पंजीयन या पूर्व पंजीकृत की मान्यता एवं पाठ्यक्रमवार फीस स्ट्रक्चर अपडेट करने की अंतिम तिथि 31 मई तक बढ़ा दी गई है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पंवार ने बताया कि महाविद्यालयों को संबंधित विश्वविद्यालय से शैक्षणिक सत्र 2023-24 की मान्यता या सम्बद्धता एवं पाठ्यक्रम संचालन की अनुमति भी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन हो सकेगा।

### शिक्षा में गुणवत्ता एवं समय सीमा पर हो फोकस



**जयपुर।** राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् अविचल चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता एवं कार्यों की समय सीमा का ध्यान रखें तथा शिक्षा निदेशालय सहित अन्य प्रकोष्ठों से समन्वय से कार्य करें। चतुर्वेदी बुधवार को शिक्षा संकुल में समग्र शिक्षा एवं स्टार्स परियोजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। ई-फाइल समय पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी पत्रावली बिना कारण के लम्बित नहीं रहे। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान नवाचार एवं कमजोर पक्ष की भी रिपोर्ट करें। विद्यार्थी डायरी की गुणवत्ता ठीक हो तथा समय पर वितरण सुनिश्चित करें।

---

**भाजपा विधायक ने प्रेस कांन्फ्रेस कर** प्रियंका गांधी के मंगलसूत्र वाले बयान पर किया पलटवार

# सोनिया गांधी को मंगलसूत्र पहने नहीं देखा : अनिता भदेल

### कहा: राहुल वोट मांगने वाले जनेऊ धारी

**बेधड़क** | अजमेर

भाजपा की ओर से बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजित की गई। कॉन्फ्रेंस को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी व अजमेर दक्षिण से विधायक अनीता भदेल ने संबोधित किया। इस दौरान विधायक भदेल ने प्रियंका गांधी के मंगलसूत्र वाले बयान पर पलटवार किया।

उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी के गले में उन्होंने कभी मंगलसूत्र देखा नहीं.. चुनावी मंगलसूत्र अगर उन्होंने डाला होगा तो वह अलग विषय है। राहुल गांधी भी जनेऊधारी बनकर हिंदुओं के वोट लेकर सरकार बनना चाहते हैं।




### बाबा साहेब को दो बार कांग्रेस ने हराया

विधायक अनीता भदेल ने कहा कि कांग्रेस जिस बात का भ्रम पैदा कर रही है कि बीजेपी नरेंद्र मोदी के लिए 400 पार इसलिए चाहिए कि वह संविधान खत्म करना चाहते हैं। संविधान को खत्म करने की और इशारा सिर्फ आरक्षण को लेकर है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने इस आरक्षण का प्रावधान किया। संविधान में उन्हें बाबा साहब को दो बार लोकसभा में रोकने वाला अगर कोई दल है तो वह कांग्रेस है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 60 साल राज किया लेकिन लोकसभा में बाबा साहब का चित्र तक नहीं लगा। जब पहली बार अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनी तब बाबा साहब को भारत रत्न पुरस्कार मिला। यह स्पष्ट करता है कि कांग्रेस दलितों की और अनुसूचित जाति की घोर विरोधी है।

### प्रियंका के बयान का पलटवार

प्रियंका गांधी के द्वारा दिए गए मंगलसूत्र के बयान पर विधायक अनीता भदेल ने पलटवार करते हुए कहा कि मैं प्रियंका गांधी से इस कांग्रेस के माध्यम से पूछना चाहती हूं कि आप तो सनातन में विश्वास ही नहीं करते हैं.. सनातन हिंदू धर्म की जो शक्ति है उस शक्ति से लड़ना चाहते हैं। तो आप सनातन में मंगलसूत्र का महत्व जानते नहीं है। मैंने कभी भी सोनिया गांधी के गले में मंगलसूत्र देखा नहीं है, चुनावी मंगलसूत्र अगर यदि उन्होंने डाला होगा तो वह एक अलग विषय है। राहुल गांधी भी जनेऊ धारी करके चुनाव में हिंदुओं के वोट लेकर के कांग्रेस की अपनी सरकार बनना चाहते हैं।

### महिला आरक्षण पर किया हमेशा गुमराह

उन्होंने कहा कि 60 साल तक कांग्रेस ने शासन किया। इस दौरान उन्होंने एक ही बात कही की लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को आरक्षित सीट देने वाले हैं। लेकिन कुछ किया नहीं है। सिर्फ हर चुनाव में महिलाओं के वोट लेने की बात कहते थे और इस दावे को निभाने की झूठी बात कहते गुमराह करने की बात करते थे।

---

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने** पिछली कांग्रेस सरकार को घेरा...

# पेपरलीक के खरीदार गए, अब बेचने वाले भी जाएंगे जेल

### कहा: कांग्रेस सरकार कमजोर थी, इसलिए आते थे गैंगस्टर, अब हिम्मत नहीं

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को भ्रष्टाचार की जननी बताया। उन्होंने सब इंस्पेक्टर भर्ती घोटाले को लेकर कहा कि अभी तो पेपर खरीदने वाले ही पकड़े है, अब बेचने वाले भी हत्थे चढ़ेंगे। कोई कितना ही बड़ा क्यों न हो, उसे छोड़ा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बुधवार को भीलवाड़ा में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेपर लीक मामले में एसआईटी ने अब तक 97 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जल्द ही यह आंकड़ा 100 तक पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि अब पेपर बेचने वाले भी सलाखों के पीछे होंगे। यह वही एसआइटी है और वही अधिकारी, लेकिन कार्रवाई की गति आप देख ही रहे होंगे। कानून व्यवस्था के मामले में सीएम ने कहा कि पहले प्रदेश में कांग्रेस की कमजोर सरकार थी, इसलिए गैंगस्टर राजस्थान आते थे और चले जाते थे। अब राजस्थान में आने की किसी गैंगस्टर की आने की हिम्मत नहीं है, यदि कोई गैंगस्टर आ भी गया तो राजस्थान से वापस नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री शर्मा ने भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में जिला भाजपा कार्यालय में विजय बूथ संकल्प कार्यक्रम में शिरकत की।



### कांग्रेस की सरकार झूठ व लूट की सरकार

उन्होंने राजस्थान में पिछली कांग्रेस सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि पहले यहां कमजोर सरकार थी, इसलिए यहां बाहर से गैंगस्टर आते थे। अब तत्कालीन सरकार के मुखिया सरकार को बचाए या होटल में रहे या गैंगस्टर पर कार्रवाई करें, क्या करें?। इसलिए गहलोत सरकार के कार्यकाल में गैंगस्टर प्रदेश में आते और फायरिंग करके चले जाते थे। सीएम ने कहा कि 'हमने 16 दिसंबर को एंटी गैंगस्टर फोर्स बनाई। अब कितना भी बड़ा गैंगस्टर हो, वह अब राजस्थान में आने की हिम्मत नहीं करेगा'। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग जाति व धर्म के नाम की राजनीति करते हैं। कांग्रेस की सरकार झूंठ व लूट की सरकार थी।

### कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियां जनता के बीच लेकर जाए

उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाई और कहा कि राज्य में भाजपा सरकार को 90 दिन हुए हैं, इस दौरान संकल्प पत्र के 45 प्रतिशत वादे पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां जनता के बीच लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा के हर कार्यकर्ता मेहनत करता है। इसी की बदौलत वह भविष्य में आगे बढ़ता है।

### काफिला रुकवाकर पीया गन्ने का रस

मुख्यमंत्री शर्मा कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद हेलीपैड पर जा रहे थे, तब उन्होंने अपना काफिला रुकवाकर गन्ने के रस का स्वाद लिया। उन्होंने चरखी चालक महिला व पुरुष से भी बात कर उनके हालचाल जाने। इस दौरान चरखी चलाने वाले ने अपने मोबाइल से मुख्यमंत्री के साथ फोटो भी खिंचवाएं। मुख्यमंत्री के साथ भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, नगर परिषद सभापति राकेश पाठक सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

**भाजपा प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे बोले**

# कांग्रेस मुस्लिम आरक्षण की पक्षधर




**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि कांग्रेस वोट बैंक की राजनीति के कारण मुस्लिम आरक्षण की बात करती है। संविधान निर्माता ने इसे सिरे से खारिज किया था, लेकिन कांग्रेस इस मोह से अभी भी बाहर नहीं निकल रही है।

सहस्त्रबुद्धे ने तंज कसा कि कांग्रेस मजहब पर आधारित आरक्षण की बात करती है, जबकि संविधान निर्माताओं ने इसे सिरे से खारिज किया था। कांग्रेस इस मोह से बाहर नहीं निकल रही। वोटबैंक की राजनीति के कारण कांग्रेस मुस्लिम आरक्षण की बात करती है। परिवारवादी पार्टियां जन्म के आधार पर भेदभाव को बढ़ावा देती है। मजहब पर आधारित आरक्षण की बात पर संविधान सभा में भी चर्चा हुई थी और बहुत सोच विचार करते हुए मजहब पर आधारित आरक्षण को देश के संविधान निर्माता ने सिरे से खारिज कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसी का जिक्र किया। जो कांग्रेस और उनके इंडी अलाएंस को रास नहीं आ रहा है।

### 40 दिनों में केंद्र के 14 वरिष्ठ नेताओं ने किए दौरे :

सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि बीजेपी चुनाव को हमेशा गंभीरता से लेती है। चुनाव में कार्यकर्ताओं ने जीतोड़ मेहनत की है। पिछले 40 दिनों में प्रधानमंत्री से लेकर गृह मंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित 14 केंद्र के वरिष्ठ नेताओं ने दौरे किए। इसमें केंद्रीय नेताओं ने 30 सभाएं 10 रोड शो के जरिए सभी 25 लोकसभा सीटों को कवर किया गया। इसके साथ प्रदेश के 51 वरिष्ठ नेताओं ने 144 सभाएं की। बीजेपी परफॉर्मेंस और विकास की राजनीति करती है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में भाजपा के पक्ष में माहौल है।

---

**5 लोकसभा क्षेत्रों के लिए** निर्वाचन विभाग की सुविधा

# दूसरे चरण में भी देख सकेंगे मोबाइल एप पर बूथ की कतार

**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाचन विभाग मतदान प्रतिशत बढ़ाने और सुगम मतदान के लिए कई प्रयास कर रहा है। 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान में मतदाताओं को बूथ पर लाइन में खड़े लोगों की रियल टाइम जानकारी उपलब्ध कराने के बाद 'वोट क्यू ट्रेकर' मोबाइल एप के जरिए दूसरे चरण के 5 लोकसभा क्षेत्रों के मतदाता भी बूथ पर लाइन में खडे लोगों की संख्या देख सकेंगे। मुख्य निर्वाचन प्रवीण गुप्ता ने बताया कि यह सुविधा दूसरे चरण के 5 लोकसभा क्षेत्रों के 14 विधानसभा क्षेत्रों में रहेगी। प्रथम चरण में 7 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में ये सुविधा दी गयी थी। इससे इन क्षेत्रों के करीब 60 लाख 45 हजार मतदाताओं को लाभ मिला था। उन्होंने बताया कि यह सुविधा अजमेर में अजमेर उत्तर, अजमेर दक्षिण, किशनगढ़, कोटा में कोटा उत्तर, कोटा दक्षिण, लाडपुरा, जोधपुर में सरदारपुरा, जोधपुर, सूरसागर उदयपुरः उदयपुर, उदयपुर ग्रामीण, सिरोही में सिरोही, पिंडवाड़ा आबू, रेवदर विधानसभा क्षेत्रों में रहेगी।



### जयपुर को सुंदर और स्वच्छ बनाने का लिया प्रण

**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम जयपुर के स्वच्छता प्रहरियों ने बुधवार को जनता कालोनी स्थित आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में विद्यार्थियों से संवाद कर जागरूक किया। इस दौरान महावीर इंटरनेशनल एनजीओ के सहयोग से नुक्कड़ नाटक के जरिए विद्यार्थियों और स्टाफ को गीला और सूखा कचरे को अलग अलग कचरापात्र में रखने का संदेश दिया। इस दौरान आदर्श नगर जोन उपायुक्त युगांतर शर्मा ने घर पर ही वेस्ट सामग्री से खाद बनाने को विधि बताई और जयपुर शहर को स्वच्छ रखने के संकल्प दिलाया।

---

**दूसरे चरण के लिए 38,274 ने की होम वोटिंग**

# 73 हजार से ज्यादा मतदाताओं ने घर से चुनी संसद की सरकार

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा आम चुनाव में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं ने भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर पहली बार घर से ही उत्साहपूर्वक मतदान किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इस सुविधा से 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अब तक 73,799 वोटर्स द्वारा मतदान किया जा चुका है। इनमें 56,691 बुजुर्ग तथा 17108 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। 1062 मतदाताओं की मृत्यु होने तथा 1207 मतदाताओं के अनुपस्थित होने की वजह से मतदान नहीं कर सके। द्वितीय चरण के 13 लोकसभा क्षेत्रों में होम वोटिंग के लिए पंजीकृत मतदाताओं में से 98 प्रतिशत से अधिक ने मतदान किया है। अब तक कुल 38,274 मतदाताओं ने घर से मतदान किया है। गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण के 12 लोकसभा क्षेत्रों में होम वोटिंग के तहत 98.30 % मतदान हुआ है।



---

**द्वितीय चरण वाले लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव की सभी तैयारियां पूर्ण**

# 2.80 करोड़ मतदाता 152 प्रत्याशियों के भाग्य का करेंगे फैसला

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत द्वितीय चरण में टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर, उदयपुर, बासंवाड़ा, चितौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में शुक्रवार को मतदान होगा। इन 13 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए कानून व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इन क्षेत्रों में 1.72 लाख से अधिक मतदान कर्मी मतदान सम्पन्न कराएंगे। शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए कुल 82,487 सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें राजस्थान पुलिस के कार्मिकों के साथ-साथ, होमगार्ड, फोरेस्ट गार्ड एवं आरएसी जवान तैनात किए गए हैं। केंद्रीय पुलिस बलों की 175 कंपनियां भी मतदान के दौरान कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा में सहयोग करेंगी। गुप्ता ने बताया कि इन कंपनियों को संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया गया है। मतदान दिवस पर सघन जांच एवं निगरानी के लिए प्रत्येक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में फ्लाइंग स्क्वॉड, एसएसटी दल तैनात रहेंगे। चुनाव खर्च के लिहाज से संवेदनशील मतदान केंद्रों में अतिरिक्त निगरानी टीमें तैनात की जाएंगी।




### 1,768 विशेष मतदान केंद्र

गुप्ता ने बताया कि द्वितीय चरण में 28,758 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। इसमें 4,778 शहरी, 23,327 ग्रामीण सहित 653 सहायक मतदान केंद्र शामिल हैं। मतदान प्रोत्साहन के लिए 1,768 विशेष मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इनमें से महिलाओं और युवाओं द्वारा 832-832 तथा 104 मतदान केंद्र दिव्यांग कार्मिकों द्वारा संचालित किए जाएंगे।

### पाली में सबसे ज्यादा, अजमेर में कम

इन लोकसभा क्षेत्रों में कुल 2,80,78,399 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें से 26,837 सर्विस वोटर हैं। इन क्षेत्रों में 1,44,48,966 पुरुष, 1,36,02,272 महिला और 324 थर्ड जेंडर मतदाता पंजीकृत हैं। 18-19 वर्ष आयु के 8,66,325 नव मतदाता पंजीकृत हैं। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 3,22,829 और 85 वर्ष से अधिक आयु के 3,01,742 मतदाता हैं। पाली में सर्वाधिक 23,48,274 मतदाता पंजीकृत हैं। अजमेर निर्वाचन क्षेत्र में सबसे कम 19,99,399 मतदाता पंजीकृत हैं।

### 14,460 मतदान केंद्रों की लाइव वेबकास्टिंग

गुप्ता ने बताया कि कुल 28,758 मतदान केंद्रों में से चयनित 14,460 बूथों पर मतदान प्रक्रिया की लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी। कंट्रोल रूम के माध्यम से इन बूथों पर निगरानी रखी जाएगी। मतदान कार्य में कुल 34,931 बैलेट यूनिट, 34,931 कंट्रोल यूनिट और 37,329 वीवीपैट मशीनें (रिजर्व सहित) उपयोग में ली जाएंगी।

### दिव्यांगों-बुजुर्गों की मदद के वॉलिंटियर

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं की सहुलियत के लिए प्रत्येक मतदान स्थल पर पीने के स्वच्छ जल, छायादार स्थल एवं पृथक प्रतिक्षा कक्ष के साथ ही कतार की लंबाई में कुछ-कुछ दूरी पर बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था रहेगी। दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए बूथ पर प्रशिक्षित वॉलिंटियर्स मौजूद रहेंगे, जो व्हीलचेयर के संचालन एवं रैंप पर उतरने-चढ़ने में उनका सहयोग करेंगे।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 135 जयपुर, गुरुवार, 25 अप्रैल, 2024 | बैशाख, कृष्ण पक्ष- द्वितीया, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### कोटक महिंद्रा पर ऑनलाइन कस्टमर बनाने पर रोक




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को कोटक महिंद्रा बैंक पर नए ऑनलाइन कस्टमर बनाने पर रोक लगा दी। रिजर्व बैंक ने कोटक महिंद्र बैंक से ऑनलाइन नए क्रेडिट कार्ड जारी करने पर भी रोक लगाने का कहा है। आरबीआई ने बैंक को तत्काल प्रभाव से इस आदेश को मानने का निर्देश दिया है। हालांकि, बैंक अपने मौजूदा कस्टमर्स और क्रेडिट होल्डर्स को सर्विस देना जारी रख सकता है। आरबीआई ने डेटा सिक्योरिटी से जुड़ी चिंताओं और बैंक के पास पर्याप्त आईटी इंफ्रास्टक्चर नहीं होने का हवाला देते हुए बैंक पर हुए प्रतिबंध लगाया है।

### मोदी के भाषण के खिलाफ EC ने शुरू की जांच



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजस्थान में दिए गए भाषण के खिलाफ दर्ज शिकायतों पर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि कांग्रेस और मार्क्सवादी कांग्रेस पार्टी ने पीएम के बयान को लेकर चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया था। इसमें पीएम मोदी ने आरोप लगाया था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह लोगों की संपत्ति को मुस्लिमों को बांट देगी। चुनाव आयोग के सूत्रों के मुताबिक, पीएम के बयान को लेकर दर्ज शिकायतों पर विचार किया जा रहा है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**मौसम अपडेट:** राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के मौसम में आएगा फिर बदलाव

# फिर एक्टिव होगा पश्चिमी विक्षोभ... आंधी -बारिश की संभावना

एजेंसी | नई दिल्ली

एक तरफ जहां देश में भीषण गर्मी सितम ढाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही, वहीं, कुछ राज्यों को तेज हवाएं और बारिश राहत भी पहुंचा रही हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली समेत कई राज्यों में इस सप्ताह बारिश की संभावना जताई हैं। साथ ही अगले 5 दिनों तक बिहार और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों समेत कई प्रदेशों में लू की स्थिति भी बन सकती है।

मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि 26 अप्रैल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिम भारत में मौसम को प्रभावित कर सकता है। इसके चलते 26 से 28 अप्रैल तक जम्मू-कश्मीर, गिलगिट, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद में छिटपुट से व्यापक बारिश या बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में 26 से 28 अप्रैल तक तेज हवाओं और गरज के साथ कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। इस दौरान हवा की गति 30-40 किमी प्रतिघंटा रह सकती है। पंजाब और हरियाणा में 26 और 27 अप्रैल को ओले भी गिर सकते हैं।



**इन राज्यों में हीटवेव**

अगले 5 दिनों तक गंगीय पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों, तटीय ओडिशा में हीटवेव की स्थिति बन सकती है। साथ ही 24 अप्रैल को तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में, 27 अप्रैल को कोंकण में लू चल सकती है। आंतरिक कर्नाटक, रायलसीमा, यानम, उप हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, झारखंड, बिहार, तेलंगाना, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और तटीय आंध्र प्रदेश में 24 से 28 अप्रैल तक लू के आसार हैं।

### प्रदेश के कई जिलों में हो सकती है बरसात

राजस्थान के बाड़मेर, जालोर में लगातार तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। यहां का पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। 26 अप्रैल को प्रदेश में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इस सिस्टम के असर से उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर, जोधपुर संभाग के अलावा जयपुर, उदयपुर, कोटा, भरतपुर संभाग के जिलों में बारिश-आंधी होने की संभावना है। इस दौरान प्रदेश के 19 जिलों में बादल छाने के साथ आंधी चल सकती है। कुछ जगहों पर हल्की बरसात भी हो सकती है। गुरुवार को प्रदेश में मौसम बिल्कुल साफ रहेगा। मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि बाड़मेर, फलोदी समेत कुछ शहरों का पारा 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

## दूसरे चरण में 12 राज्यों की 89 सीटों पर मतदान कल

# वोटिंग कल, कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा लगी दांव पर




बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का चुनाव प्रचार शुक्रवार की शाम थम गया। इस चरण में 12 राज्यों (एक केंद्र शासित प्रदेश) की 89 सीटों पर 26 अप्रैल को वोटिंग होगी। इस चरण में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राहुल गांधी, शशि थरूर, रविंद्र सिंह भाटी, रामायण सीरियल के 'राम' अरुण गोविल, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, अभिनेत्री और सांसद हेमा मालिनी, बिहार की पूर्णिया सीट पर मुकालबा दिलचस्प बनाने वाले पप्पू यादव समेत 1,206 प्रत्याशी मैदान में हैं। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में केरल की सभी 20, कर्नाटक की 28 में से 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश की 8-8, मध्य प्रदेश की 7, असम और बिहार की 5-5, छत्तीसगढ़ व पश्चिम बंगाल में 3-3, मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर में 1-1 सीट पर मतदान होगा।

## चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बीजेपी-कांग्रेस ने झोंकी पूरी ताकत

# प्रदेश की 13 सीटों पर 152 प्रत्याशी

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश की 13 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा। बुधवार शाम को छह बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। चुनाव प्रचार थमने के बाद अब प्रत्याशी घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे। 26 अप्रैल सुबह 7 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू होगी. बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने सभी तैयारियां को अंतिम रूप दिया और 13 लोकसभा क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारियों से फीडबैक लिया। दूसरे चरण में 28 हजार 758 मतदान केंद्रों पर 2 करोड़ 80 लाख मतदाता मतदान करेंगे। 13 सीटों पर 152 प्रत्याशी मैदान में है। एक लाख 72 हजार कर्मचारी मतदान संपन्न करवाएंगे। चुनाव प्रचार अभियान के अंतिम दिन भाजपा और कांग्रेस के दिग्गजों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी। सभी लोकसभा क्षेत्रों में रोड शो और जनसभा आयोजित की गई। चुनाव प्रचार अभियान के अंतिम दिन बुधवार को भाजपा और कांग्रेस का कोई राष्ट्रीय नेता चुनाव प्रचार करने नहीं आया। पूरी कमान प्रदेश के नेताओं के हाथ में रही। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ व भीलवाड़ा में जनसभा को संबोधित किया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भीलवाड़ा में रोड शो और सवाईमाधोपुर में जनसभा को संबोधित किया।



### बाड़मेर-जैसलमेर में कंगना रनौत ने किया रोड शो

राज्य सरकार के मंत्रियों ने अपने प्रभार वाले जिलों में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। प्रत्याशियों ने रोड शो कर जनसंपर्क किया। फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में बाड़मेर और जैसलमेर में रोड शो किया।

### अशोक गहलोत ने जालौर सिरोही में किया रोड शो

कांग्रेस में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जालौर-सिरोही में रोड शो करने के साथ ही जोधपुर में जनसभा को संबोधित किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने टोंक-सवाईमाधोपुर व कोटा संसदीय क्षेत्रों में जनसभा को संबोधित करने के साथ ही रोड शो किया। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटसरा ने डूंगरपुर, जोधपुर व बाड़मेर में जनसभा को संबोधित किया।



## कथित फोन टैपिंग और पेपर लीक प्रकरणों को लेकर लोकेश शर्मा ने जड़े कई आरोप, बोले...

# गहलोत के कहने पर मीडिया में सर्कुलेट किया ऑडियो टेप

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण से ठीक पहले अशोक गहलोत की सरकार में उनके ओएसडी रहे लोकेश शर्मा ने पूरे राजस्थान की राजनीति में भूचाल ला दिया है। लोकेश शर्मा ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत के खिलाफ प्रेसवार्ता कर अहम खुलाए किए हैं।

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए लोकेश शर्मा ने फोन टैंपिंग प्रकरण को लेकर कहा कि उसके ओडियो टेप सोशल मीडिया से नहीं मिले थे, बल्कि अशोक गहलोत ने खुद उन्हें दिए थे, जिसे गहलोत के कहने के बाद मीडिया को अन्य मोबाइल नंबर के जरिए शेयर किया था। शर्मा ने कहा कि गहलोत ने उन्हें एक होटल बुलाया था, जहां उन्होंने पेन ड्राइव दी और कहा कि इसे मीडिया में सर्कुलेट करवाओ। मैंने पेन ड्राइव से उसे लैपटॉप में लिया, फिर फोन के जरिए मीडिया में सर्कुलेट किया।

पेपर लीक पर लोकेश ने कहा कि रीट मामले में पेपर लीक करवाने में गहलोत सरकार के सिस्टम की मिलीभगत थी। गहलोत के पास गृह विभाग था। फोन टैपिंग और पेपर लीक मामले की पूरी जानकारी उस वक्त के डीजीपी और सीएम सचिव को थी।

उन्होंने गहलोत सरकार के कार्यकाल में हुए करप्शन पर निशाना साधते हुए कहा कि कोरोना काल में उपकरण खरीदने में जो खेल हुआ, वह मानवता के नाम पर कलंक है। इसके अलावा 1 हजार करोड़ का खान घोटाला, 7 हजार 400 करोड़ का मोबाइल घोटाला और ग्रामीण खेलों के नाम पर धांधली की गई।



### मेरा इस्तेमाल किया

शर्मा ने कहा कि मेरे राजनीतिक गुरु अशोक गहलोत ने अपनी कुर्सी को बचाने के लिए मेरा इस्तेमाल किया था। उन्होंने मुझे भरोसा दिलाया था, इसलिए मैंने उनके आदेश की पालना की। गहलोत को मुझ पर संदेह था इसलिए उन्होंने मेरा फोन डिस्ट्रॉय करवाया। यही वजह है कि 26 नवंबर, 2021 को मेरे कार्यालय में SOG की आड़ में रेड करवाई गई थी। शर्मा ने कहा कि जब सरकार बच गई तो मेरे केस के बारे में बात करना बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि गहलोत के कहने पर ही गजेंद्र सिंह शेखावत की छवि खराब करने के लिए संजीवनी क्रेडिट सोसायटी का मुद्दा उठाया गया था।

### IPL : दिल्ली ने गुजरात को हराया

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 4 रन से हरा दिया है। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 224 रन बनाए। इसके जवाब में गुजरात टाइटंस की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 220 रन ही बना सकी।

**रानाबाई के दर्शन करने जा रहा था परिवार**

# ट्रक ने कार को मारी टक्कर, एक ही परिवार के 5 सदस्यों की मौत



बेधड़क | नई दिल्ली

नागौर जिले में सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। हादसा बुधवार दोपहर नागौर जिले के हरसौर गांव में हुआ। पुलिस के अनुसार जोधपुर जिले के रिजनाली गांव के दस लोग स्कार्पियो में सवार होकर नागौर जिले में स्थित रानाबाई मंदिर में दर्शन करने के लिए जा रहे थे। इस बीच सामने से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने स्कार्पियो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने स्कार्पियो में से मृतकों और घायलों को बाहर निकाल का स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने पांच को मृत घोषित कर दिया। घायलों में दो की हालत गंभीर होने पर उन्हे जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के लिए रेफर किया गया। शेष तीन घायलों का नागौर जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसे के बाद ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ट्रक चालक की तलाश में जुटी है। हादसे के बाद ग्रामीणों ने रास्ते को जाम कर दिया, जिसे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने समझाइश कर खुलवाया।

## फर्जी एनओसी केस में स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई

# अब मणिपाल हॉस्पिटल पर एक्शन, रजिस्ट्रेशन रद्द




बेधड़क | जयपुर

राजधानी जयपुर के फेमस हॉस्पिटलों से ऑर्गन ट्रांसप्लांट में फर्जीवाड़े की खबर सामने आने के बाद जांच शुरू हुई तो एक के बाद एक खुलासे हो रहे हैं और उन खुलासों के आधार पर अस्पतालों पर एक्शन लिया जा रहा है। इसी कड़ी में अब हेल्थ डिपार्टमेंट द्वारा जयपुर के मणिपाल हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है।

मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एनओसी के मामले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देशन में लगातार कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच के लिए प्राधिकृत अधिकारी डॉ. रश्मि गुप्ता ने बताया कि मणिपाल हॉस्पिटल को मानव अंगों के प्रत्यारोपण के लिए ट्रांसप्लांट ऑफ ह्यूमन ऑर्गन एक्ट के तहत पंजीकरण एवं नवीनीकरण प्रमाण-पत्र जारी किए गए थे। विगत दिनों मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एनओसी जारी होने का प्रकरण सामने आने के बाद इस मामले में फोर्टिस हॉस्पिटल से कार्मिक गिर्राज शर्मा को गिरफ्तार किया गया था। यह कार्मिक पूर्व में मणिपाल हॉस्पिटल में भी कार्यरत था। मणिपाल हॉस्पिटल में भी मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए एनओसी प्राप्त करने में इस कार्मिक की भूमिका सामने आई। मणिपाल हॉस्पिटल द्वारा प्राप्त एनओसी भी संदेह के दायरे में है और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एवं पुलिस द्वारा इस प्रकरण में जांच की जा रही है। हेल्थ डिपार्टमेंट इसे देखते हुए बुधवार को मणिपाल हॉस्पिटल का मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए पंजीकरण एवं नवीनीकरण प्रमाण-पत्र निलंबित कर दिया गया। गौरतलब है कि फर्जी एनओसी प्रकरण में इससे पूर्व जयपुर के फोर्टिस अस्पताल एवं ईएचसीसी अस्पताल का पंजीकरण एवं नवीनीकरण प्रमाण-पत्र निलंबित कर दिया गया था।

## जरूरी खबर

### नशा तस्करों का साथ देने पर प्रशिक्षु SI सेवा से बर्खास्त



**बीकानेर।** नशीले सामान की तस्करी के मामले में अपराधियों का साथ देने के मामले में बीकानेर के पांचू थाने में तैनात तत्कालीन एसआई (प्रोबेशनर) रमेश कुमार बिश्नोई को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करके उसे गिरफ्तार भी किया गया था। रमेश कुमार बिश्नोई जोधपुर निवासी है। वे उप निरीक्षक (प्रोबेसनर) के रूप में रिजर्व पुलिस लाइन, बीकानेर में पदस्थापित था।

### दीक्षित ने देखीं मतदान दलों की व्यवस्थाएं

**अजमेर।** लोकसभा आम चुनाव-2024 मतदान दलों के रवानगी स्थल राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय माखुपुरा में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित ने व्यवस्थाएं देखी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बुधवार को राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। यहां से गुरूवार को मतदान दलों की रवानगी तृतीय प्रशिक्षण के पश्चात होगी। उन्होंने प्रशिक्षण में विधानसभा द्वारा बैठक व्यवस्था देखी। ध्वनि विस्तारक सिस्टम को श्रृव्य हितेषी रखने के निर्देश दिए। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य, व्यय एवं पुलिस पर्यवेक्षक कक्ष का जायजा लिया।

### सरकारी अस्पताल में हुआ जुड़वां बच्चों का जन्म



**सीकर।** प्रदेश के सारकारी अस्पतालों में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सुविधा मिल रही है। इसी कड़ी बुधवार को पिपराली गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक महिला ने दो बच्चों को जन्म दिया। सीएचसी पिपराली के प्रभारी अधिकारी डॉ. वासुदेव सैनी ने बताया कि बुधवार की सुबह भैरूजी स्टैण्ड पिपराली की रहने वाली सुमन रानी को परिजन अस्पताल लेकर आए। इस पर डॉ. पूजा ने उनके स्वास्थ्य की जांच की और प्रसव कराया। महिला ने दो बच्चों को एक साथ जन्म दिया। महिला का यह तीसरा प्रसव है। इस कार्य में डॉ पूजा, डॉ रामनिवास, डॉ वासुदेव, डॉ राहूल, नर्सिंग स्टाफ शमशेर खान, भंवरी देवी, सुमन, परमेश्वरी, एएनएम संगीता ने सहयोग किया।

**भूंगरा गैस सिलेंडर हादसे में** 35 लोगों की मौत के बाद रुकी हुई थी शादी

# डेढ़ साल बाद गूंजी शहनाई, सुरेन्द्र-ओम कंवर बने हमसफर

**बेधड़क** | जोधपुर

जिले के शेरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भूंगरा गैस त्रासदी के डेढ़ साल बाद जिस घर में विवाह समारोह के दौरान गैस सिलेंडर फटने से हादसा हुआ था, उसी घर में फिर शहनाई व बैंड की धुन बजी तो खुशियां लौट आई।

एक दिन पहले दूल्हे सुरेंद्र सिंह का विवाह खोखसर निवासी ओम कंवर के साथ संपन्न हुआ। बारात भी उसी घर से गई, जिस घर में हादसा हुआ था और दुल्हन भी वही थी। मालूम हो कि भूंगरा गांव हादसे में सुरेंद्र सिंह का पूरा परिवार बिखर गया था। हादसे में उसके पिता सगत सिंह मां धापू कंवर की मौत के बाद एक साथ अंतिम संस्कार हुआ था। इनके अलावा सुरेद्र सिंह की बहन रसाल कंवर, दो भतीजे रतन सिंह और आईदान सिंह की भी मौत हो गई थी। जलने के बाद बड़ी मां ने भी दम तोड़ दिया था।



### लंबे उपचार के बाद ठीक हुए सुरेंद्र

जानकारी के अनुसार आठ दिसंबर 2022 को जब सुरेंद्र सिंह की बारात रवाना हो रही थी। परिवार के सदस्यों सहित गांव से आए मेहमानों एवं ग्रामीणों में जश्न का माहौल था। सगत सिंह के आंगन में दूल्हा बने सुरेंद्र सिंह की बारात रवाना होने से पहले नेतरा की रस्म चल रही थी। पास में शहनाइयों बज रही थी। अचानक घर के आंगन में रखे गैस सिलेंडर में गैस रिसाव होने से एक धमाके के साथ पूरे घर को गैस त्रासदी ने घेर लिया। लोग कुछ समझ पाए तब तक पूरे घर में आग लग गई।

### 54 लोग झुलसे थे, 35 की हुई थी मौत

खुशियों का माहौल माता में बदल गया था। आगजनी में 54 लोग झुलस गए थे। इन सभी को जोधपुर महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान 35 लोगों की मौत हो गई थी और दूल्हा सुरेंद्र सिंह खुद 65 फीसदी झुलस गया था, जिसके बाद विवाह टल गया था। लंबे उपचार के बाद वह ठीक हुआ।

### विधायक सहित ग्रामीणों ने दी बधाई

अपनों को खोने के बाद शादी के बंधन में बंधे सुरेंद्र सिंह को शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़, गोगा देव राजपूत समाज के सचिव भगवान सिंह तेना, सरपंच सेलूकवर कान सिंह सहित ग्रामीणों दूल्हा सुरेंद्र सिंह को बधाई दी है।

**सड़क हादसों ने छीनी** नवविवाहित जोड़ों की खुशियां

# खुशियों को लगी नजर... कहीं दूल्हा तो कहीं दुल्हन हुई अलविदा

**बेधड़क** | बांसवाड़ा

प्रदेश में सड़क हादसों से कई घरों की खुशियां छीन रही है। हादसों में कई बार नई जिंदगी बसाए परिवार भी काल का ग्रास बन रहे हैं। दो हादसो में नवविवाहित दुल्हन तो दुल्हा भी मौत का शिकार हो गया है। बांसवाड़ा जिले के भूंगड़ा थाना क्षेत्र के गागरी गांव में बुधवार को हुए एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई और दो महिला घायल हो गई। इस दौरान बाइक चालक खेरवाडी निवासी जितेन्द्र पुत्र प्रभुलाल बाइक पर बहन पूजा और अन्य महिला कंकू को ले जा रहा था तब अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना के संबंध में मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि काफी देर घायल सड़क पर रहे। फिर सूचना पुलिस और एम्बुलेंस को दी। घायलों को अस्पताल के जाया गया। मौके पर परिजन भी पहुंचे, अस्पताल के जाने पर जितेन्द्र को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दोनों घायल महिलाओं को इलाज के लिए एमजी अस्पताल के जाया गया। वहीं शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया हैं। गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### 3 दिन पहले ही हुई थी शादी

मृतक के शव के पास बिलख रहे परिजनों ने बताया कि जितेन्द्र की शादी 3 दिन पहले ही हुई थी। बुधवार को वो अपने चाचा के लड़के की शादी में बाइक पर सवार होकर जा रहा था। तभी अचानक यह हादसा हो गया।



## इधर, 9 दिन बाद दुल्हन की मौत परिवार और गांव में पसरा मातम

**सीकर।** शादी के महज 9 दिन बाद सड़क हादसे में दुल्हन की मौत से परिवार समेत पूरे गांव में मातम छा गया है। घटना सीकर जिले की है। यहां 9 दिन पहले शादी करने वाले सोनू मीना और मनीष कुमार मीना की कार पेड़ से टकरा गई। घटना में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है, स्थिति गंभीर बनी हुई है।

नवविवाहित जोड़े के साथ हुई इस घटना से पूरा परिवार सदमे में है और नई बहू की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में मौत की खबर के बाद पूरे गांव के लोगों की आंखें नम हो गई हैं। जानकारी के मुताबिक, पति-पत्नी एक शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे। घटना सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात 2 बजे की है। दांतारामगढ़ थाना अधिकारी भवानी सिंह ने बताया कि डीडवाना-कुचामन जिले के रहने वाले पति-पत्नी सोनू देवी और मनीष कुमार सीकर के दांतारामगढ़ चक गांव में रिश्तेदारों के यहां शादी समारोह में शामिल होने आए थे। देर रात पति-पत्नी अपने गांव लौट रहे थे। गांव से 3 किलोमीटर दूर चक से कराड़ जाने वाली सड़क पर अचानक नीलगाय गाड़ी के सामने आ गई।

### 9 दिन पहले हुई थी शादी

हादसे में सोनू देवी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मनीष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। पति-पत्नी की दुर्घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। गंभीर हालत में मनीष कुमार को चौमूं के बराला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सोनू मीणा के शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 16 अप्रैल को सोनू-देवी और मनीष कुमार की शादी हुई थी। हादसे के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। हादसे के वक्त कार मनीष मीणा चला रहा था।

**पत्नी और परिचित की मौत से थी रंजिश**

# युवक के सिर पर कुल्हाड़ी से किया हमला, 15 टांके आए



**बेधड़क** | बूंदी

बूंदी के कापरेन में हनुमान जयंती के जागरण में रात को युवक ने पत्नी की मौत का बदला लेने के लिए गांव के ही एक व्यक्ति के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। युवक का इलाज कर रहे डॉ. कपिल जैन ने बताया कि घायल के सिर में 12 से 15 सेंटीमीटर लंबा कट आया है। इसमें 15 टांके लगाए गए हैं। कुल्हाड़ी सिर की हड्डी को चीरते हुए नसों तक पहुंच गई थी। अभी उसकी स्थिति गंभीर है। हमले से खून से लथपथ युवक अचेत हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बाद में घायल को गंभीर हालत में कोटा के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घायल के छोटे भाई रणजीत मीणा निवासी कोडक्या ने गांव के ही तेजमल गुर्जर (45) के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। रणजीत मीणा ने बताया कि उसका बड़ा भाई बनवारी मीणा (40) हनुमान जयंती के जागरण में गया था। वह मंच पर बैठा हुआ था। इसी दौरान तेजमल हाथ में कुल्हाड़ी लेकर पहुंचा और बनवारी के सिर पर वार कर दिया। इसके बाद तेजमल फरार हो गया। रणजीत ने बताया कि दरअसल 18 जून 2023 को तेजमल अपने परिवार के साथ मंदिर में धोक लगाने जा रहा था। तेजमल का परिवार बनवारी की ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार था। इस दौरान गेंडोली में बेकाबू होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई थी। इसमें तेजमल की पत्नी संजू और गोबरी लाल की मौत हो गई थी। तेजमल का कहना था कि एक्सीडेंट जानबूझकर किया गया है। ऐसे में तेजमल रंजिश रखता था और जानलेवा हमला किया।

**पॉक्सो एक्ट में काट रहा था सजा**

# पॉक्सो एक्ट में सजा काट रहे आरोपी ने जेल में ने लगाई फांसी

**बेधड़क** | अलवर

सेंट्रल जेल में खैरथल निवासी एक 21 साल के युवक ने सुसाइड कर लिया है। युवक पॉक्सो एक्ट के मामले में बीते जनवरी माह से जेल में बंद चल रहा था। युवक ने जूते के फ़ीतों से फंदा लगाकर सुसाइड किया है। सुसाइड से पहले उसने अपने पिता से फोन पर बात की और फिर बाथरूम में जाकर फांसी लगा ली।

जानकारी के अनुसार धीरेंद्र 10 जनवरी से पॉक्सो के मामले जेल में बंद था। उसने सुबह लगभग 10:30 बजे जेल के बाथरूम में अपनी जान ले ली। सबसे पहले उसे बाथरूम साफ करने के वाले कैदी ने देखा, जिसकी सूचना उसने जेल प्रशासन को दी। सुसाइड करने से पहले उसने अपने पिता से फोन पर बातचीत की थी। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच बहस भी हुई थी इस दौरान वह अपनी जमानत की बात कर रहा था जिसके बाद उसने सुसाइड कर लिया।




**रास्ता खुला नजर आया,** लोगों को मिली सहूलियत

# अतिक्रमण के खिलाफ चला पीला पंजा

**बेधड़क** | धौलपुर

नगर परिषद एवं पुलिस प्रशासन ने बुधवार को शहर के प्रमुख चौराहे एवं रास्तों पर अतिक्रमण हटाया। प्रशासन ने अतिक्रमण को ध्वस्त कर मैटेरियल को भी जब्त किया है। इस कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मच गया।

नगर परिषद आयुक्त अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि शहर के प्रमुख बाजारों समेत गुलाब बाग चौराहे से लेकर जगदीश तिराहे तक लोगों ने जगह-जगह अतिक्रमण कर लिया था। दुकानों के सामने टिनशेड एवं अस्थाई दुकानें लगा दी गई थी। इससे मुख्य सड़क मार्ग संकरा हो गया था। आए दिन जाम के हालात पैदा हो रहे थे। नगर परिषद प्रशासन को अतिक्रमण की लगातार शिकायत मिल रही थी। उन्होंने बताया कि दुकानदारों को नोटिस देकर अतिक्रमण को हटाने के भी निर्देश दिए थे, लेकिन किसी ने अपने स्तर पर अतिक्रमण नहीं हटाए। इस पर बुधवार को पुलिस का जाप्ता लेकर अतिक्रमण हटाए गए। दुकानों के सामने आगे सड़क की तरफ निकल रहे टिनशेड, अस्थाई दुकान, चाय की थड़ी, जूस की दुकान और साइन बोर्ड सभी को ध्वस्त कर दिया और मैटेरियल को भी कब्जे में लिया।

उन्होंने बताया कि गुलाब बाग चौराहे से लेकर जगदीश तिराहे तक अतिक्रमण हटाकर रास्ते को पूरी तरह साफ करा दिया गया। इससे रास्ता चौड़ा हो गया। राहगीर और वाहन चालकों को जाम की समस्या से निजात भी मिलेगी।



**केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पिछली सरकार पर साधा निशाना**

# संजीवनी घोटाला मामले में मुझे फंसाने के लिए लाखों-करोड़ों खर्च किए

**बेधड़क** | जोधपुर

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि उनके खिलाफ इस चुनाव में कई झूठ प्रचारित करने का प्रयास किया गया। इमसें सांसद फंड, विकास और बाद में संजीवनी, यह बुझे हुए कारतूस हैं। इसके इस्तेमाल से कुछ हासिल नहीं होगा, क्योंकि मैंने कोई पाप नहीं किया था।

बुधवार को भाजपा के मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में शेखावत ने ये बातें कही। उन्होंने कहा कि संजीवनी मामले में सरकार ने अपने पूरे संसाधनों का उपयोग किया। लाखों-करोडो रुपये सिर्फ इसलिए खर्च किए कि मुझे फंसाया जा सके, लेकिन कुछ हासिल नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जब सरकार के मुखिया कुछ हासिल नहीं कर सके तो (करण सिंह का नाम लिए बगैर) उनकी अर्नगल बातों से कुछ फर्क नहीं पड़ेगा। जनता सब जानती है।




### कांग्रेस की नीति होती तो सबसे पहले हर काम अल्पसंख्यकों के

शेखावत ने कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा के बयान, जिसमें उन्होंने कहा कि अमेरिका में व्यक्ति की मौत के बाद उसकी संपत्ति पूरे परिवार को नहीं मिलती है, सरकार के पास बड़ा हिस्सा जाता है, जो गरीबों के काम आता है, पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पित्रोदा मनमोहन सरकार के सलाहकार रहे हैं। इस बयान को 2006 में मनमोहन सिंह के बयान से जोड़कर देखिए जो समझ आता है कि जो इस तरह की संपत्ति होगी, उन पर पहला अधिकार मुसलमानों का होगा। घुसपैठियों को भी भारत की संपत्ति बांटने की बात है। यह दुर्भाग्य की स्थिति है। कांग्रेस की नीति होती तो सबसे पहले हर काम अल्पसंख्यकों के लिए पहले होते, उसके बाद गरीब का नंबर आता।

### कम मतदान से भाजपा को नुकसान सिर्फ भ्रम

शेखावत ने कहा कि यह बीते जमाने की बात हो गई, जब यह धारणा होती थी कि कम मतदान से भाजपा को नुकसान होगा। पिछले सालों से हमारी सरकारें कई जगह बन रही हैं, केंद्र में बनी है। ऐसे में कम मतदान से कोई फर्क नहीं पड़ता है, लेकिन यह चिंता का विषय है कि मतदान कम क्यों हुआ? इसके लिए चुनाव आयोग, सभी राजनीतिक दल और सामान्य लोगों को सोचना होगा, कहां कमी रह गई , क्योंकि प्रयास अधिक से अधिक मतदान का होना चाहिए।

### मेरी जीत का अंतर इस बार अधिक होगा

शेखावत से पूछा गया कि क्या इस बार का चुनाव थोड़ा टफ है? इस पर शेखावत ने कहा कि पिछले चुनाव में अशोक गहलोत के पुत्र से मुकाबला था। हमारी प्रदेश में सरकार नहीं थी। हमारे लोकसभा क्षेत्र के अधिकांश भाजपा विधायक चुनाव हार चुके थे। पूरी सरकार वैभव गहलोत के लिए काम कर रही थी। परिस्थितियां प्रतिकूल थीं, लेकिन फिर भी जनता ने मोदीजी को मजबूत करने के लिए मुझे जीताया था। इस बार उससे कहीं आसान चुनाव है, जीत का अंतर भी पिछली जीत से अधिक होगा।

## जरूरी खबर

### शासन सचिव का जल भवन में औचक निरीक्षण



**जयपुर।** पब्लिक हेल्थ एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट (पीएचईडी) के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बुधवार को अपने विभाग का दौरा किया। समित शर्मा जयपुर में जलभवन में आज सुबह अचानक औचक निरीक्षण पर पहुंचे। इससे हड़कंप मच गया। इस दौरान 4 कर्मचारी दफ्तर से गायब मिले, जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। दौरे के दौरान शासन सचिव ने सभी चीफ इंजीनियरों और एडिशनल चीफ इंजीनियरों समेत अन्य अधिकारियों के चैम्बर को देखा। यहां उन्हें उच्च स्तर पर अधिकारी उपस्थित मिले। वहीं, जब समित शरमा प्रशासनिक शाखा में पहुंचे तो वहां चार कर्मचारी गायब मिले। उपस्थिति रजिस्टर देखा तो उनके नाम के आगे न तो उपस्थिति दर्ज थी और न ही अनुपस्थिति। इस पर सचिव ने संबंधित शाखा के एचओडी से पूछा कि कर्मचारी आज अवकाश पर है तो एचओडी ने मना कर दिया। इसके बाद सचिव ने सभी गैरमौजूद कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### चलती कार में आग, कूदकर बचाई जान

**जयपुर।** जयपुर में बुधवार को चलती कार में आग लगने से सनसनी फैल गई। कार सवार तीन लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई। मौके पर मौजूद लोगों की सूचना पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। करीब 20 मिनट में आग पर काबू किया गया। घटना सदर थाना इलाके में स्थित पेट्रोल पंप और हनुमान मंदिर के सामने की है। कार जयपुर की ही बताई जा रही है। स्थानीय निवासी विशाल शर्मा ने बताया- यह कार सोडाला से अजमेर रोड की तरफ जो रही थी। अचानक कार में धुआं निकला इस पर कार चालक ने कार धीरे की। अचानकर कार ने आग पकड़ ली।

## हनुमान जन्मोत्सव: शहर में निकाली गई हनुमान जी की शोभायात्रा, श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

# नगर भ्रमण पर निकले अंजनी के लाल

## राज्यपाल मिश्र ने आरती उतारकर शोभायात्रा को किया रवाना

## 16 फुट ऊंचे हनुमान जी, 20 फुट के पुष्पक विमान ने किया आकर्षित

बेधड़क | जयपुर

हनुमान जयंती के दूसरे दिन जयपुर में शोभायात्रा निकाली गई। हनुमान जन्मोत्सव के तहत हनुमंत शोभायात्रा समिति की ओर से सांगानेरी गेट स्थित हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। हनुमान जन्मोत्सव के दूसरे दिन शोभायात्रा निकली। जयपुर स्थापना के समय बनाए गए स्वर्ण मंडित हनुमानजी रथ पर सवार होकर अपने भक्तों को आर्शीवाद देने के लिए नगर भ्रमण पर निकले। राज्यपाल कलराज मिश्र शोभायात्रा को आरती उतारकर रवाना किया। हनुमंत शोभायात्रा समिति की ओर इस अवसर पर जयपुर के मंदिरों के संत-महंतों का सम्मान भी किया गया। शोभायात्रा में पुरूषों के साथ ही महिला शक्ति भी भगवा साफा पहनकर शामिल हुई। यात्रा में इलेक्ट्रॉनिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इनमें 16 फुट ऊंचे हनुमान जी, 20 फुट का पुष्पक विमान, राम दरबार, भगवान शिव की आरती करते हुए हनुमान जी, अशोक वाटिका व पंचमुखी हनुमान की झांकी आकर्षण का केंद्र रहीं। तीन किलोमीटर लंबी शोभायात्रा मार्ग में खोले के हनुमानजी, भंदे के बालाजी, चांदी की टकसाल स्थित काले हनुमान जी, सांगानेरी गेट पूर्वमुखी हनुमान मंदिर,घाट के बालाजी सहित अन्य हनुमान मंदिरों के एक साथ दर्शन हुए। यात्रा सांगानेरी गेट स्थित हनुमान मंदिर से रवाना हुई जो बड़ी चौपड़, छोटी चौपड़, इन्दिरा बाजार व खजाने वालो के रास्ते होते हुए चांदपोल स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। शेभायात्रा पर जगह-जगह पुष्पवर्षा की गई।










### जन्मोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न



खोले के हनुमान मंदिर में पांच दिवसीय हनुमंत जन्मोत्सव बुधवार को युवा कलाकारों द्वारा भजन गायन के साथ सम्पन्न हुआ। नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि 20 अप्रैल को राज्यपाल कलराज मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया था। प्रथम दिन पद्मकालबेलिया नृत्यांगना गुलाबो सपेरा, भजन गायक जुगल किशोर सैनी, 21 अप्रैल को पं। रतन मोहन, पद्ममुन्ना मास्टर के भजन, 22 अप्रैल को भजन गायक सम्पत दाधीच, कथक कलाकार सौरव गौरव मिश्रा व तंत्री सम्राट पं. सलिल भट्ट की प्रस्तुतियां हुई। 23 अप्रैल को हनुमंत जयन्ती मनाई गई। बुधवार को जन्मोत्सव के आखिरी दिन सायं सात बजे आकांक्षा राव, त्रिनेत्र ग्रुप के अनुपम शर्मा, ऋषिता शर्मा व साहिल शर्मा ने भजनों की प्रस्तुति देकर हनुमान जी महाराज को रिझाया। शर्मा ने बताया कि पांच दिवसीय कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से भजनों का आनन्द उठाया। हनुमान जी के जन्मोत्सव पर करीब डेढ़ से पौने दो लाख भक्तगणों ने दर्शन किए। रात्री 12 बजे महाआरती उतारी व रात्री में रंगीन आतिशबाजी की गई।

### पांच किलोमीटर की धार्मिक यात्रा की

हनुमान जन्मोत्सव पर बजरंग सेना की टीम के द्वारा विशाल वाहन भगवा यात्रा का आयोजन राम कुटिया आश्रम कालवाड़ रोड जयपुर से राष्ट्रीय प्रमुख अशोक शर्मा व राष्ट्रीय अध्यक्ष भागेंद्र व्यास शास्त्री ने भगवा ध्वज दिखाकर विशाल भगवा यात्रा की शुरुआत की जो की 5 किलोमीटर होते हुए इच्छा पूर्ण बालाजी निवारू लिंक रोड पर यात्रा संपूर्ण हुई । इसी दौरान सनातन प्रेमियों के द्वारा जगह-जगह पर पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। उनके लिए जलपान की व्यवस्था की गई । इसी दौरान राष्ट्रीय संगठन मंत्री पवन पंचारिया खींवसर ने सभी कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए संपूर्ण भारत में हस्ताक्षर अभियान चलया जा रहा है व बजरंग सेना काफी वर्षों से गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करवाने हेतु दिल्ली के जंतर मंतर व दिल्ली रामलीला मैदान पर धरना प्रदर्शन भी कर चुकी है। इसी दौरान संत सानिध्य का भी आशीर्वाद प्राप्त हुआ । बजरंग सेना के राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर श्री नर्मदा शंकर पुरी जी महाराज, राजस्थान प्रदेश धर्म रक्षा प्रभारी विष्णु दास महाराज राष्ट्रीय संयोजक संदीप कुमार, राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र व्यास, युवा मोर्चा राष्ट्रीय प्रमुख हितेश मोदी, महिला मोर्चा गुजरात प्रदेश अध्यक्ष दीपा शाह, गुजरात प्रदेश प्रचारक आकांक्षा गीते, सज्जन शर्मा , राज्यवर्धन, सिंह विजेंद्र सिंह , प्रताप सिंह राठौड़ आदि बजरंग सेना के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### भगवा साफे में शरीक हुईं महिला शक्ति

समिति के अध्यक्ष शंकरलाल अग्रवाल ने बताया कि शोभायात्रा में पुरुषों के साथ-साथ महिला शक्ति भी भगवा साफा लगाकर शामिल हुईं। कोषाध्यक्ष वीर कुमार जैन, महामंत्री सोहनलाल तांबी ने बताया कि साथ ही व्यापार मंडलों की ओर से स्वागत किया गया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

## वॉट्सएप कॉल के जरिए मांगे थे 50 लाख

# व्यापारी से फिरौती मांगने वाले गिरफ्तार

बेधड़क | जयपुर

मानसरोवर में वॉट्सएप कॉल के जरिए बिजनेस मैन से 50 लाख रुपए की फिरौती मांगने के मामले में जयपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस वारदात के मुख्य आरोपी ऋषभ शर्मा (27) समेत गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें से 3 आरोपियों को पुलिस ने हिमाचल प्रदेश के शिमला से गिरफ्तार किया, जबकि 1 सहयोगी को जयपुर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी ऋषभ शर्मा पीड़ित कारोबारी (बिल्डर) का पार्टनर भी रह चुका है, इसके अलावा ऋषभ मध्य प्रदेश के गोसलपुरा में फायरिंग की घटना को भी अंजाम दे चुका है। एसीपी मानसरोवर संजय शर्मा ने बताया 15 अप्रैल को बिल्डर योगेश सैनी के मोबाइल फोन पर एक वॉट्सएप कॉल आई। इसमें बदमाशों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। 50 लाख रुपए की मांग की गई। इस पर पीड़िता ने मानसरोवर थाने में एफआईआर दर्ज कराई। घटना की गंभीरता को देखते हुए साइबर सेल कांस्टेबल राकेश ने वर्चुअल नंबर का आईपी एड्रेस ट्रेस किया। वर्चुअल नंबर में प्रयुक्त IP एड्रेस उस मोबाइल के सिम की लोकेशन ट्रेस की गई। जो हिमाचल प्रदेश के शिमला मिला। जिस पर एएसआई रामवीर और उनकी टीम को शिमला भेजा गया। यहां आरोपी ऋषभ शर्मा, उसके साथी शिवम जांगिड़ (22), दीपक कुमार आल्हा (21) को पकड़ लिया गया। वहीं, एक अन्य आरोपी विंकल अरोड़ा को जयपुर से गिरफ्तार किया गया। चारों बदमाशों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

## मंदिर श्री रामगोपाल जी में हुए धार्मिक अनुष्ठान

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत निकाली शोभायात्रा

बेधड़क | जयपुर

उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि मठ श्री गलता जी के अन्तर्गत मंदिर श्री रामगोपाल जी में गलतापीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में 3 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया जा रहा है।

गलता पीठ के युवाचार्य स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि मंदिर श्री रामगोपाल जी में श्री किशोरी जी की मूर्ति का 3 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि श्री किशोरी जी का पंचधातु से निर्मित अति दिव्य व दर्शनीय विग्रह दक्षिण भारत में बनवा कर मंगवाया गया है। प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम दिवस गलतापीठाधीश्वर के सान्निध्य में प्रातः भव्य कलश एवं शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें माताओं-बहनों सहित सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। इसके बाद शाम को में विश्वकसेन आराधन, पुण्याहवाचन, रक्षाबंधन, अंकुरारोपण, मृदाहरण आदि वैदिक विधि से दक्षिण भारत से पधारे विद्वानों द्वारा सम्पन्न कराए गए। कार्यक्रम की मुख्य यजमान ऋषिका गुप्ता सहित सैंकड़ों श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। गुरूवार को अभिषेक, जलाधिवास, छायाधिवास, यज्ञशाला प्रवेश, ध्वजारोहण, वास्तु-हवन, शैयाधिवास आदि वैदिक विधि से सम्पन्न कराए जाएंगे।



## 71 लाख रुपए की लूट की वारदात का पर्दाफाश

# जयपुर में व्यापारी से मारपीट और लूट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

बेधड़क | जयपुर

राजधानी जयपुर की मुहाना थाना पुलिस ने 71 लाख रुपए की लूट की वारदात का पर्दाफाश करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने लूट के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूट की रकम और वारदात के उपयोग में ली गई कार को बरामद किया गया है।

आरोपियों ने लूट की राशि को खेत में छुपा दिया था। पुलिस ने दूदू निवासी आरोपी गोपाल जाट, बद्रीनारायण जाट और संजय जाट को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने मंगलवार देर शाम मुहाना इलाके में 71 लाख रुपए की लूट की वारदात को अंजाम दिया था, जिसमें से 48.90 लाख रुपए बरामद कर लिए गए हैं। शेष राशि बरामद करने के प्रयास किया जा रहे हैं। डीसीपी साउथ दिगंत आनंद के मुताबिक मंगलवार 23 अप्रैल को शाम करीब 6:20 बजे पुलिस कंट्रोल रूम के जरिए सूचना मिली थी कि मुहाना थाना इलाके के सुमेर नगर विस्तार में 71 लाख रुपए की लूट हो गई है। सूचना मिलते ही मुहाना थाना अधिकारी और पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया।

पीड़ित देवेंद्र सीकर का रहने वाला है, जो जयपुर में जमीन खरीदने के लिए आया था। वह अपने रिश्तेदार के पास शाम को कार से भाई के साथ सीकर जाने के लिए रवाना हुआ। इस दौरान कुछ दूरी पर ही गाड़ी के आगे ओवरटेक करके कार में आए अज्ञात बदमाशों ने रोक लिया। करीब आधा दर्जन बदमाशों ने नीचे उतरकर पीड़ित की गाड़ी पर हमला कर दिया और तोड़फोड़ कर दी। इसके बाद पीड़ित के साथ मारपीट की गई। मारपीट में पीड़ित घायल हो गया। बदमाशों ने पीड़ित के पास रखे 71 लाख रुपए से भरे दो बैग लूट लिए और फरार हो गए।



### सीसीटीवी से आए पकड़ में

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू की। लूट के उपयोग में ली गई गाड़ी और आरोपियों की पहचान के लिए पुलिस की स्पेशल टीमों ने करीब 120 सीसीटीवी कैमरे को खंगाला, जिसके बाद गाड़ी के मालिक गोपाल जाट को चिह्नित किया गया। सीसीटीवी कैमरे देखने से पता चला कि बदमाश वारदात के बाद फागी रोड की तरफ भागे हैं, जिसके बाद जयपुर पुलिस कमिश्नर ने सभी रास्तों पर ए श्रेणी की नाकाबंदी करवाई। पुलिस ने टीलावाला के पास गोपाल जाट को दस्तयाब करके सख्ती से पूछताछ की। गोपाल जाट ने बताया कि उसका बेटा सुरेंद्र और उसका दोस्त रवि पंडित, राम सिंह गोरा समेत अन्य लड़के गाड़ी में बैठकर घर आए थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने सुमेर नगर में 71 लाख रुपए की लूट की वारदात की है।

### दो महिलाओं को पिस्टल दिखाकर 15 लाख लूटे

**जयपुर।** जयपुर में 24 घंटे के अंदर लूट की दूसरी बड़ी वारदात हो गई है। बदमाशों ने शहर के वीआईपी इलाके सी-स्कीम में डीयर पार्क के सामने स्थित केसरी भवन बिल्डिंग को निशाना बनाया। यहां ऑफिस में काम कर रही दो महिलाओं को पिस्टल दिखाकर 15 लाख रुपए लूट लिए। घटना की सूचना मिलने पर अशोक नगर पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर लगे सीसीटीवी खंगाले गए। डीसीपी साउथ दिगंत आनंद भी मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार, शाम करीब साढ़े 5 बजे दो बदमाश बाइक पर आए। केसरी भवन बिल्डिंग में स्थित कार्यालय में पहुंचे। यह कार्यालय इसी बिल्डिंग के मालिक डॉक्टर केसी चौधरी का है, जो कैश कलेक्शन के लिए बनाया गया है। दोनों बदमाशों ने ऑफिस में मौजूद दो महिलाओं को पिस्टल दिखाई और लॉकर में रखे हुए 15 लाख रुपए लूट कर भाग गए।

# नेपाल में हिंदू राष्ट्र की मांग के लिए शंखनाद



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार

भारत के पड़ोसी और धार्मिक व सांस्कृतिक एकरूपता से जुड़े देश नेपाल में हिंदू राष्ट्र घोषित किए जाने की मांग के लिए शंखनाद शुरू हो गया है। वहां अनेक संगठन सड़कों पर उतरकर राजशाही के पक्ष में आंदोलन कर रहे हैं। इस मांग में पुरुषों के साथ महिलाएं भी कंधे से कंधा मिलाकर आंदोलन में शामिल हैं। इस प्रदर्षन की अगुआई मुख्य रूप से राष्ट्रवादी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी कर रही है। यह नेपाल की पांचवीं सबसे बड़ी पार्टी है। इस दल के प्रवक्ता मोहन श्रेष्ठ की मांग है कि नेपाल में राजशाही की पुनर्बहाली हो, देश में संघीय व्यवस्था लागू हो और इसे हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए। इन प्रदर्षनकारियों के हाथों में शंख थे, जिनसे लोगों ने राजधानी काठमांडू में सरकारी भवनों के सामने कान फोड़ देने वाला शंखनाद की अपनी मांगों का स्वर नेपाल के आकाश में गुंजा दिया। इस समय नेपाल में भारत में जिस तरह से धर्म और संस्कृति का पुनरुत्थान हो रहा है, उसका अनुकरण भी देखने में आ रहा है। नेपाल को 2007 में पंथनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया था। नतीजतन 2008 में राजशाही व्यवस्था समाप्त कर दी गई थी।

इस आंदोलन को 'राष्ट्र, राष्ट्रवाद, धर्म, संस्कृति और नागरिकों की रक्षा के लिए अभियान' का दर्जा दिया जा रहा है। 2008 में नेपाल के गणराज्य बनने के बाद से कारोबारी दुर्गा प्रसाई आंदोलन को हवा दे रहे हैं। एक समय प्रसाई के प्रधानमंत्री प्रचंड और ओली के साथ घनिष्ठ संबंध थे, लेकिन अब वह नियमित रूप से आलोचना कर रहे हैं। इसी समय राजशाही के दौर में गृहमंत्री रहे कमल थापा ने हिंदू राष्ट्र की मांग के लिए नया गठबंधन बनाया है। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह भी एकाएक सक्रिय होकर सार्वजनिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने लगे हैं। वह मंदिरों में भी होने वाली पूजा में शामिल हो रहे हैं। राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद इस मांग में तेजी आई है।

> *करीब 60 लाख नेपाली भारत में काम करके रोजी-रोटी कमा रहे हैं। 3000 नेपाली छात्रों को भारत हर साल छात्रवृत्ति देता है। नेपाल के विदेशी निवेश में भी अब तक का सबसे बड़ा 47 प्रतिशत हिस्सा भारत का है। बावजूद यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नेपाल का झुकाव चीन की ओर बढ़ता चला गया। हालांकि नरेंद्र मोदी ने अगस्त 2014 में नेपाल की यात्रा करके बिगड़ते संबंधों को आत्मीय बनाने की सार्थक पहल की थी, किंतु भारतीय मूल के मधेशियों के आंदोलन ने इस पर पानी फेर दिया था।*

हालांकि यह मांग कोई नई नहीं है। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री शेर बाहदुर देउबा अप्रैल-2022 में भारत आए थे। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई मुलाकात के बाद से ही जनता में नेपाल को हिन्दू राष्ट्र बनाये जाने मांग जोर पकड़ रही है। इस मांग में नेपाल के मुस्लिम भी शामिल हैं। इस दोस्ताना शिखर-वार्ता से तय हुआ था कि नेपाल चीन के विस्तारवादी शिकंजे से मुक्त होने की राह पर चल पड़ा है। नेपाल ने अब भरोसा दिया है कि सीमा विवाद का राजनीतिकरण नहीं होगा और जल्द इस विवाद को द्विपक्षीय बातचीत से सुलझा लिया जाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव के चलते भारत ने नेपाल में 75 विकास परियोजनाएं जमीन पर उतारी हैं। भारत के आर्थिक सहयोग से तैयार बिहार के जयनगर और नेपाल के कुर्था तक रेल सेवा का उद्घाटन भी किया था। याद रहे दोनों देशों के बीच रोटी-बेटी के संबंध रामायण काल से चले आ रहे हैं। राम की धर्मपत्नी सीता नेपाल के जनकपुर से थीं। भारत के धार्मिक श्रद्धालुओं को यह रेल जनकपुरधाम तक पहुंचाना आसान कर देगी। हालांकि इस मुलाकात के कुछ समय बाद ही नेपाल में सत्ता परिवर्तन हुआ और मओवादी चीन से प्रभावित पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' फिर से प्रधानमंत्री बन गए थे।

दरअसल नेपाल की कम्युनिष्ट पार्टी का चीन की गोद में बैठना और भारत विरोधी अभियान चलाना देश की जनता को नागवार गुजर रहा है। राजशाही के साथ हिंदू राष्ट्र बहाली की मांग भी मुखर हुई है। नेपाल के मुसलमान भी देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के पक्ष में हैं। नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग के समर्थन में हो रहे प्रदर्शनों में शामिल राप्ती मुस्लिम सोसायटी के अध्यक्ष अमजद अली ने कहा है कि इस्लाम को बचाने के लिए यह जरूरी है। समाज के कुछ नेताओं का मानना है कि हिंदू राष्ट्र का दर्जा खत्म होने के बाद से नेपाल में ईसाई मिशनरियां ज्यादा सक्रिय हो गई हैं। मिशनरी इस स्थिति का फायदा उठाकर लोगों का धर्म परिवर्तन करवा रही हैं। यूसीपीएन माओवादी के मुस्लिम मुक्ति मोर्चा भी मिशनरियों के बढ़त प्रभाव को स्वीकार नहीं करता है। राष्ट्रवादी मुस्लिम मोर्चा भी देश की धर्मनिरपेक्ष पहचान नहीं चाहता है। 80 फीसद मुस्लिम आबादी देश की हिंदू पहचान बहाल करने के पक्ष में है।

गौरतलब है कि राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और कई हिंदूवादी संगठन काफी समय से नेपाल को फिर से हिंदू राष्ट्र का दर्जा देने के लिए अभियान चला रहे हैं। पिछले महीने राजनीतिक दलों के बीच नए संविधान में देश की धर्मनिरपेक्षता की पहचान खत्म करने को लेकर सहमति बनी थी। इसके बाद से यह मांग और तेज हो गई है। देश के सभी समुदाओं के लोग मानते हैं कि पुरानी हिंदू पहचान की बहाली का कोई विकल्प नहीं है। धर्मनिरपेक्षता हिंदू-मुस्लिम एकता तोड़ने की साजिश है। दरअसल छह साल पहले दो नेपाली युवकों को बुटवॉल में पुराने राष्ट्रगान को गाने की वजह से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद से ही पूरे नेपाल में इस राष्ट्रगान को गाने का सिलसिला चलने के साथ हिंदू राज की पुनर्स्थापना की मांग उठ रही है।

हिमालय की गोद में बसा नेपाल एक छोटा और सुंदर देश है। पूरी दुनिया में नेपाल ही एकमात्र ऐसा देश है, जिसे आज तक कोई दूसरा देश परतंत्र नहीं बना पाया। इसलिए यहां स्वतंत्रता दिवस नहीं मनाया जाता।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## प्रतिवर्ष 40-90 करोड़ बुखार के मामलों का मलेरिया है कारण

# मलेरिया से निपटने की चुनौती



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *मलेरिया से प्रति 30 सेकंड में एक मौत होती है। इनमें से ज्यादतर पांच वर्ष से कम आयु वाले बच्चे होते हैं। गर्भवती महिलाएं भी इस रोग की वजह से संवेदनशील होती हैं। यह विडंबना ही कहा जाएगा कि संक्रमण रोकने के प्रयास तथा इलाज करने के प्रयासों के बावजूद भी 1992 के बाद इसके मामलों में अभी तक अपेक्षित सफलता हाथ नहीं लगी है।*



विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की मानें तो पूरी दुनिया में मलेरिया के कुल मामलों में से 80 प्रतिशत मामले भारत और 15 प्रतिशत उप सहारा अफ्रीकी देशों से होते हैं। चिकित्सा पत्रिका लासेंट द्वारा भी कहा जा चुका है कि भारत में हर साल दो लाख से अधिक लोगों की मौत मलेरिया से होती है। इस पत्रिका की मानें तो यह आंकड़ा विश्व स्वास्थ्य संगठन के पास क्लीनिक और अस्पतालों में होने वाली मौतों की संख्या के आंकड़े के आधार पर है। जबकि बड़ी संख्या में मलेरिया से लोगों की मौतें घरों में होती है। उल्लेखनीय है कि भारत में मलेरिया उन्मूलन के प्रयास वर्ष 2015 में शुरू किए गए तथा वर्ष 2016 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के नेशनल फ्रेमवर्क फॉर मलेरिया एलिमिनेशन की शुरुआत के बाद इन प्रयासों में और अधिक तेजी आई।

मलेरिया उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय रणनीतिक योजना (2017-2022) जुलाई 2017 में शुरू की गई, जिसके अपेक्षित परिणाम मिलने शुरू हो गए हैं। मलेरिया से निपटने के लिए 2019 में देश के चार राज्यों में पश्चिम बंगाल, झारखंड, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में हाई बर्डन टू हाई इम्पैक्ट पहल की शुरुआत हुई है। इसी तरह इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) ने मलेरिया उन्मूलन अनुसंधान गठबंधन-भारत (एमईआरए-इंडिया) की स्थापना की है जो मलेरिया नियंत्रण पर कार्य करने वाले भागीदारों का एक समूह है। गौरतलब है कि 1953 में भारत सरकार ने राष्ट्रीय मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम (एनएमसीपी) शुरू किया जो घरों के भीतर डीडीटी का छिड़काव करने पर केंद्रित था। इसके अच्छे प्रभाव देखकर राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम (एनएमईपी) 1958 में प्रारंभ किया गया, लेकिन 1967 के बाद मच्छरों द्वारा कीटनाशकों के तथा मलेरिया रोधी दवाओं के प्रति प्रतिकार क्षमता उत्पन कर लेने के कारण देश में मलेरिया ने पुनः पैर फैलाना शुरू कर दिया। उसका परिणाम यह हुआ कि देश में मलेरिया तथा उसके प्रभाव से उत्पन अन्य बीमारियां बढ़ने लगी। इसे ध्यान में रखते हुए 1997 में भारत सरकार ने अपना लक्ष्य रोग के उन्मूलन से हटाकर उसके नियंत्रण पर केंद्रित किया और कीटनाशकों के सार्वत्रिक छिड़काव को रोककर चुनिंदा भीतरी जगहों पर छिड़काव शुरू किया। 2003 में राष्ट्रीय ज्ञात कारण बीमारी नियंत्रण कार्यक्रम यानी एनवीबीडीसीपी के तहत मलेरिया नियंत्रण को अन्य ज्ञात-कारण बीमारियों के साथ मिला लिया गया, क्योंकि ऐसी सभी बीमारियों की रोकथाम के लिए एक ही रणनीति होती है जैसे रासायनिक नियंत्रण, वातावरण प्रबंधन, जैविक नियंत्रण और निजी सुरक्षा उपाय। उल्लेखनीय है कि 2005 में भारत में शुरू किए गए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन का उद्देश्य भी मलेरिया सही सभी ज्ञात बीमारियों पर नियंत्रण लगाना है। अच्छी बात यह है कि मलेरिया पर प्रभावी नियंत्रण बनाने के लिए विश्व बैंक भारत सरकार की लगातार मदद कर रहा है। एनवीबीडीसीपी के आंकड़ों पर गौर करें तो इस दरम्यान यानी 1997 में मलेरिया की घटनाएं 26.6 लाख से घटकर 2003 में 18.6 लाख रह गई। साथ ही यह भी अनुभव किया गया कि कार्यक्रम के संचालन में आमुलचूल परिवर्तन की जरूरत है। इसे ध्यान में रखते हुए 2009 में भारत सरकार की नई राष्ट्रीय मलेरिया नियंत्रण नीति के तहत मलेरिया निवारण में टिकाऊ कीटनाशक-उपचारित मच्छरदानियों के इस्तेमाल को प्रोत्साहन दिया गया और त्वरित निदान उपकरण एवं आर्टेमेसिनिन-आधारित समिश्र उपचार में प्रशिक्षित समुदाय स्वयंसेवियों के जरिए घटना प्रबंधन का विस्तार किया गया। गौर करें तो मलेरिया मानव को हजारों वर्षों से प्रभावित करता रहा है। संभवतः यह सदैव मनुष्य जाति पर परजीवी रहा है।

उल्लेखनीय है कि मलेरिया पर पहले पहल गंभीर वैज्ञानिक अध्ययन 1880 में हुआ था जब एक फ्रांसीसी सैन्य चिकित्सक चार्ल्स अल्फोंस लैवेरन ने अल्जीरिया में काम करते हुए पहली बार लाल रक्त कोशिका के अंदर परजीवी को देखा था। तब उसने ही यह प्रस्तावित किया कि मलेरिया रोग का कारण यह प्रोटोजोवा परजीवी है। हाल के दिनों में जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर मलेरिया में भी बदलाव देखे गए हैं। गौर करें तो आज की तारीख में मलेरिया प्रतिवर्ष 40 से 90 करोड़ बुखार के मामलों का कारण बनता है, वहीं इससे 10 से 30 लाख मौतें हर वर्ष होती हैं। यानी कह सकते हैं कि मलेरिया से प्रति 30 सेकंड में एक मौत होती है। इनमें से ज्यादतर पांच वर्ष से कम आयु वाले बच्चे होते हैं। गर्भवती महिलाएं भी इस रोग की वजह से संवेदनशील होती हैं। यह बिडंबना ही कहा जाएगा कि संक्रमण रोकने के प्रयास तथा इलाज करने के प्रयासों के बावजूद भी 1992 के बाद इसके मामलों में अभी तक अपेक्षित सफलता हाथ नहीं लगी है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर मलेरिया की वर्तमान प्रसार दर इसी तरह बनी रही तो अगले 20 वर्षों में मृत्यु दर दोगुनी हो सकती है। विशेषज्ञों की मानें तो मलेरिया से जुड़े आंकड़े ज्ञात आंकड़ों से कई गुना अधिक होते हैं। इसलिए कि इसके अधिकांश रोगी ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। मलेरिया के वैश्विक फैलाव पर नजर दौड़ाएं तो यह रोग भूमध्य रेखा के दोनों तरफ विस्तृत क्षेत्र में फैला हुआ है। इन क्षेत्रों में अमेरिका, एशिया तथा ज्यादतर अफ्रीका आता है, लेकिन गौर करें तो इनमें से सबसे ज्यादा मौतें भारत और उप सहारा अफ्रीका में होती है। मलेरिया के विस्तार पर गौर करें तो सूखे क्षेत्रों में इसके प्रसार का वर्षा की मात्रा से गहरा संबंध होता है। डेंगू बुखार के बनिस्बत यह शहरों की अपेक्षा गांवों में ज्यादा फैलता है। उदाहरण के लिए वियतनाम, लाओस और कंबोडिया के नगर मलेरिया मुक्त हैं, जबकि इन देशों के गांव मलेरिया से बुरी तरह प्रभावित हैं।

यदि प्रति व्यक्ति जीडीपी की तुलना यदि 1995 के आधार पर करें तो मलेरिया मुक्त क्षेत्रों और मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में इसमें पांच गुना अंतर नजर आता है। शोध में यह पाया गया कि जिन देशों में मलेरिया फैलता है उनके जीडीपी में 1965 से 1990 के मध्य केवल प्रतिवर्ष 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई और मलेरिया से मुक्त देशों में यह वृद्धि 2.4 प्रतिशत पाई गई। मलेरिया के कारण कितना आर्थिक नुकसान हो रहा है वह इसी से समझा जा सकता है कि केवल अफ्रीका में ही प्रतिवर्ष 15 अरब अमेरिकन डॉलर का नुकसान हो रहा है। भारत की बात करें तो यहां भी मलेरिया से निपटने में हर वर्ष हजारों करोड़ रुपया खर्च हो रहा है। इसका मुख्य कारण यह है कि देश की तकरीबन 85 प्रतिशत आबादी मलेरिया के जोखिम वाले क्षेत्रों में निवास कर रही है। आंकड़ों पर गौर करें तो एक अनुमान के मुताबिक मलेरिया की 65 प्रतिशत रोगी उड़ीसा, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल तथा पूर्वात्तर क्षेत्रों में ही पाए जाते हैं। अत्यधिक रोग भार वाली आबादी नृजातीय जनजातियां हैं जो इन क्षेत्रों के दुर्गम वनीय क्षेत्रों में निवास करती हैं। यहां के लोग गरीब तो हैं ही साथ सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का भी अकाल है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# हम जनसेवक हूं



शैलेंद्र चौहान
व्यंग्यकार

मेरे देश के लोगों और लुगाइयों यानि माताओं-पिताओं, भाइयों-भौजाइयों, बहनों-बहनोइयों आदि-आदि–हम आप सब लोगन का बहुत बहुत आभारी हूं। आप सब लोगन को यह जानकर बहुत खुशी होगी कि हम चुनाव में हो रहा हूं। किस्सा यूं रहा कि पहले हम सड़क पर पनवाड़ी चूनामल चौरसिया की थड़ी (पटरी पर रखी छोटी बक्सेनुमा दुकान) के सामने खड़ा होता था। फिर जब चूनामल ने उधार में पान खिलाना बंद कर दिया और रोज पैसों के लिए झिक-झिक करने लगा तो हमें कोई उपाय नहीं सूझा और हम अपने शहर के जाने-माने नेता लूटाराम के यहां जाकर खड़ा हो गया। लूटाराम ने पूछा भाया तू यहां क्यूं खड़ा है? तो हमें झटपट कोई उत्तर नहीं सूझा, हम बोल पड़ा बस खड़े होने को थोड़ी जगह चाहिए थी सो यहां खड़ा हो गया।

लूटाराम बोला "भाया खड़ा ही होना है तो रेलवे स्टेशन पर टिकट खिड़की के सामने खड़ा होओ, राशन की दुकान पर खड़ा होओ, कोई भी छोटा-मोटा काम किसी सरकारी दफ्तर में निकल रहा होवे तो वहां दिनभर खड़ा रहो।" लेकिन हमें तो वहां ऐसा कोई काम नहीं है, पहले से ही हम सालों वहां खड़ा रह-रहकर जब कभी कोई काम नहीं करवा सका तो अब काम की बात सोचूं भी कैसे? अब सोचना ही बंद कर दिया है।"

लूटाराम बोला "बहुत बढ़िया! फिर तू इलेक्शन में खड़ा हो जा।" इलेक्शन में! लेकिन हम इलेक्शन में कैसे खड़ा हो सकता हूं, हमरे पास तो पनवाड़ी का उधार चुकाने लायक भी पैसे नहीं हैं।" तभी तो, तभी तो लूटाराम चहका पूछा "तेरी क्वालीफिकेशन क्या है? क्वालीफिकेशन यानि पढ़ाई-लिखाई।" तो जी मैट्रिक पास हूं तीन साल में थर्ड डिवीजन से, इंटर तो चार साल में भी नहीं कर पाया।" फिट, एकदम फिट, आगे बोल। आगे क्या बोलूं, और तो हम पढ़ ही नहीं सका।" अरे पढ़ाई को मार गोली, और क्या-क्या एक्सपीरियंस है?"

एक्सपीरियंस! कुछ खास नहीं, एक ठेकेदार के यहां काम किया था, एक दिन मजदूरों की मजदूरी से थोड़ी सी पी ली सो निकाल दिया गया। बजाज के यहां नौकरी की, एक पैंट पीस और एक शर्ट पीस पसन्द आ गई, अपने लिए सिलवा ली, उसने भी निकाल दिया। और दो एक जगह छुट-पुट काम-आम किया, लड़ाई-झगड़ा हुआ, निकाला गया।" वैरी गुड, वैरी गुड, लड़ाई-झगड़ा में कभी जेल-वेल गया? मैं बोला, हां दो बार गया, एक-एक महीने के लिए। एक बार मोहल्ले का पंसारी उधार के पैसे मांगने घर आ गया और भला बुरा कहने लगा, बात बर्दास्त के बाहर हो गई तो उसके सर पर डंडा मार दिया! उसका स्साले का सर ही खुल गया। दूसरे केस में सरकारी डॉक्टर ने बिना पैसे लिए अम्मा को घर पर देखने से मना कर दिया तो उसका हाथ तोड़ दिया। दोनों केस में पुलिस ने सुलह-समझौता कराने और केस रफा-दफा करने के लिए पैसे मांगे। अब मेरे पास पैसे होते तो क्या था, कुछ ढंग का काम न करता, सो हवालात भेज दिया गया। कोई गवाही देने को ही तैयार नहीं हुआ मेरे खिलाफ, पनवाड़ी चूनामल ने मेरी जमानत कराई दोनों दफे, अब केस खारिज हो गए हैं।"

बहुत बढ़िया, बहुत बढ़िया!" लूटाराम ने पूछा "भाया तू ये सब सच बोल रहा है न?" जी झूठ बोलने से फायदा ही क्या है? फिर आजकल तो ऐसी बहादुरी वाली चीजें प्रेस्टिज बढ़ाती हैं।

लूटाराम उठा उसने मुझे गले लगा लिया, बोला "तुम तो बहुत काम के आदमी हो। अब इतनी देर खड़े भी मत रहो कि पैर ही दुखने लगें। आओ बैठो, पान-वान खाओ, फिर चुनाव की रणनीति तय करते हैं।" चुनाव की रणनीति!" हां, क्या तुम्हें पता नहीं कि लोकसभा चुनाव होने वाले हैं?" मैंने कहा वो तो पता है, क्या हमें आप के लिए प्रचार करना होगा? मैंने पूछा। लूटाराम बोला "नहीं, मेरे प्रचार के लिए तो बहुत से कार्यकर्ता हैं। मैंने एक नई क्षेत्रीय पार्टी बनाई है लूटाराम धंधा पार्टी यानि एलडीपी, राजनीति से अच्छा धंधा इस देश में कोई दूसरा है ही नहीं। समझ गए न! हमारा चुनाव चिह्न है चाकू, जिसके खौफ से सब वोटर डरेंगे। वैसे हमने मांगा तो था पिस्तौल पर चुनाव आयोग ने दिया ही नहीं। तुम सदर क्षेत्र से एलडी पार्टी के उम्मीदवार होओगे।?

हम तो बड़ा खुश हुआ जी यह सुनकर। कहां तो पनवाड़ी ने भी अपनी दुकान के आगे खड़े होने से मना कर दिया था, कहां मान्यवर लूटाराम जी ने हमें अपनी पार्टी से चुनाव का टिकिट दे दिया। तो भाइयो-बहनो अब मैं चुनाव में खड़ा हो गया हूं। हम जनसेवक बन गया हूं।

## नॉलेज कॉर्नर: कैसे हुई इस रेजीमेंट की स्थापना

# इस रेजीमेंट का साहस पूरी दुनिया में मशहूर

चौबीस अप्रैल को भारतीय सेना में गोरखा रेजीमेंट की स्थापना की वर्षगांठ मनाई गई। गोरखा रेजीमेंट का साहस के किस्से पूरी दुनिया में मशहूर हैं। कोई व्यक्ति अगर कहता है कि मौत से उसे डर नहीं लगता तो या वह झूठ बोल रहा है या फिर गोरखा है। फील्ड मार्शल जनरल एसएचएफजे मानेकशॉ की कही यह बात आज भी उतनी ही सच है। गोरखा सिपाहियों की वीरता की कहानियां पूरी दुनिया में मशहूर हैं। पाकिस्तान और चीन तक इन्हें अपनी सेना में शामिल करना चाहते हैं। यहां तक कि भारत की गुलामी के वक्त इनकी वीरता के आगे अंग्रेज भी नतमस्तक हो गए। जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### धनुष-बाण, खुखरी लेकर भारी पड़े थे

अंग्रेजों के पास भारी भरकम फौज थी, जिसके पास तोप और गोला-बारूद थे तो उनके सामने गोरखा थे, जिनके हाथों में धनुष-बाण, खुखरी और पत्थरों से बने हथियार थे। इसके बावजूद केवल 600 गोरखा सैनिकों ने नालापानी के पहाड़ पर ब्रिटेन की सेना के तीन हमलों को नाकाम किया। इसमें नेपाली बच्चों और महिलाओं ने भी अपने जवानों का साथ दिया और अंग्रेजों से दो-दो हाथ किया था। बार-बार की कोशिशें नाकाम होने पर साल भर में ही अंग्रेजों को समझ आ गया था कि यह हमला उल्टा पड़ रहा है। हालांकि, अंग्रेजों की सेना में जवानों की अधिक संख्या थी और उनके पास धन की भी कमी नहीं थी। ऐसे में गोरखाओं के लिए भी अधिक समय तक टिक पाना मुश्किल था।



### मेजर जनरल समेत 800 सैनिक शहीद

गोरखाओं ने अंग्रेजों की सेना को बड़ा नुकसान पहुंचाया। बीबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि इस युद्ध में अंग्रेजों की सेना के मेजर जनरल रॉबर्ट रोलो जिलेस्पी समेत 800 सैनिक मारे गए थे। इस पर ब्रिटिश सेना ने खलंगा के किले में पानी की आपूर्ति रोक दी थी। इससे गोरखाओं की परेशानी बढ़ने लगी तो नेपाली सेना के कमांडर बलभद्र कुंवर ने खुद नालापानी छोड़ दिया। उनके अपनी सेना के साथ जाने के बाद ईस्ट इंडिया कंपनी ने नालापानी में दो स्मारक बनवाए थे।

### सुगौली संधि के तहत बनी रेजीमेंट

*साल 1815 में ईस्ट इंडिया कंपनी और नेपाल के राजा के बीच सुगौली की संधि हुई। इसके अनुसार नेपाल के कुछ हिस्सों को ब्रिटिश भारत में शामिल किया गया। गोरखाओं की वीरता से प्रभावित अंग्रेजों ने इसी साल गोरखा रेजीमेंट की शुरुआत की। इससे पहले यह नसीरी रेजीमेंट के नाम पर थी।* कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
प्रचंड महाविजय की ओर अग्रसर भाजपा...
आज अजमेर लोकसभा क्षेत्र की केकडी विधानसभा के सरवाड़ में भाजपा प्रत्याशी श्री भागीरथ चौधरी जी के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा में देवतुल्य जनता जनार्दन को संबोधित किया।


## भाजपा नेता शाह व प्रियंका गांधी के दौरे से गरमाई सियासत, जमकर हुए सियासी प्रहार

# PFI से मदद लेते हैं लेफ्ट व कांग्रेस: शाह, BJP बौखलाई हुई है: प्रियंका

**एजेंसी** | अलाप्पुझा(केरल)

केरल में लोकसभा चुनावों को लेकर प्रचार अभियान चरम पर है। भाजपा ने राज्य में लोकसभा चुनाव में अपना खाता खोलने के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है तो कांग्रेस ने भी अपना प्रचार अभियान तेज कर रखा है। बुधवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपनी अपनी पार्टी की चुनाव सभाओं को संबोधित किया और प्रतिद्वंद्वी दलों पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों दल राज्य में लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए प्रतिबंधित संगठन 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' का समर्थन ले रहे हैं। शाह ने आरोप लगाया कि पीएफआई की राजनीतिक शाखा 'सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया' ने खुले तौर पर केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा को अपना समर्थन देने की घोषणा की, वहीं वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) पीएफआई पर प्रतिबंध पर चुप है।

### एलडीएफ नहीं चाहता भारत एटमी ताकत बने



शाह ने वामपंथी दलों पर उनके चुनावी घोषणा पत्र को लेकर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि एलडीएफ नहीं चाहता कि भारत परमाणु शक्ति बने। उन्होंने कहा कि भारत एक परमाणु शक्ति बना रहेगा और इसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ कोई हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा। शाह ने वामपंथियों पर हमला करने के लिए करोड़ों रुपए के करुवन्नूर सहकारी बैंक घोटाले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी न केवल देश से बल्कि विश्व से ही गायब होती जा रही है। वहीं कांग्रेस के बारे में उन्होंने कहा कि कांग्रेस का भी पतन शुरू हो चुका है। क्योंकि यहां भाजपा का समय है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारतीय जनता पार्टी मुद्दों पर नहीं करते बात

दूसरी ओर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को राहुल गांधी के निर्वाचन क्षेत्र वायनाड में एक रैली को संबोधित किया और पीएम मोदी और भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, अगर आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य भाजपा नेताओं के बयानों पर नजर डालेंगे तो आपको पता चलेगा कि उन्होंने आपकी समस्याओं पर कोई बात नहीं की। उन्होंने विकास पर कोई बात नहीं की। वे वास्तविक मुद्दों पर कभी बात नहीं करते। उन्होंने कहा कि भाजपा बौखलाई हुई है। कांग्रेस नेता



ने कहा कि हर दिन वे एक नया मुद्दा लेकर आते हैं, जिसका आपके जीवन से कोई संबंध नहीं है। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से भी इन मुद्दों का कोई संबंध नहीं होता है। वे मीडिया को भी उन मुद्दों पर बात करने के लिए मजबूर कर देते हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि कांग्रेस शुरू से लेकर आज तक विजन की बात कर रही है। उन्होंने कहाआप मेरा भाषण भी सुन सकते हैं। जब आप उनके भाषण सुनेंगे तो पता चलेगा कि उनके पास क्या है? कौन-सा विजन? आप विजन 2047 कहते हैं लेकिन वह विजन क्या है? पिछले 10 वर्षों में आपने इस विजन को आगे बढ़ाने के लिए क्या किया? आम आदमी के लिए आपके पास क्या विजन है? आप रोजगार देने के लिए क्या कर रहे हैं?"

### भ्रष्टाचार को बचाने के लिए बना महागठबंधन



**खगड़िया (बिहार)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बिहार में विपक्षी दलों के महागठबंधन को आड़े हाथों लेते हुए उसे भ्रष्टाचारियों का गठबंधन बताया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सिर्फ दो चीजों का गठबंधन है। परिवारवाद का गठबंधन है और दूसरा भ्रष्टाचारियों को बचाने का गठबंधन है। यह लोग या तो जेल में हैं या बेल पर हैं। सभी अपने आप को बचाने की जुगत में लगे हुए हैं। ऐसे में यह लोग देश का विकास क्या करेंगे। नड्डा ने बुधवार खगड़िया से एनडीए प्रत्याशी राजेश वर्मा के समर्थन में एक सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। नड्डा ने विपक्ष के जातिवादी राजनीति को भी आड़े हाथ को लिया।

### 2036 तक ओडिशा को बनाएंगे नंबर एक राज्य

**हिंजिली (ओडिशा)।** बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए अपनी पार्टी के अभियान की शुरुआत की। साथ ही ओडिशा को साल 2036 तक देश का नंबर एक राज्य बनाने का संकल्प लिया। पटनायक ने अपने सियासी गढ़ हिंजिली से चुनाव प्रचार के दौरान विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधा और उन पर राज्य में विकास कार्यों को रोकने का आरोप लगाया। सीएम ने जनसभा में कहा, विकास हमारी पहचान है। विपक्षी पार्टियां इसमें बाधा डाल रहे हैं। चाहे वह श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना हो या एकामरा परियोजना या समली परियोजना, विपक्षी दल हर चीज का राजनीतिकरण कर रहे हैं। विपक्ष विकास विरोधी प्रचार में लगा हुआ है। ओडिशा के लोग अपना असली स्वरूप जानते हैं।

## मोदी ने धर्म आधारित आरक्षण व विरासत टैक्स पर कांग्रेस को घेरा

# विपक्षी गठबंधन बना रहा है वन ईयर वन PM का फॉर्मूला: मोदी

**एजेंसी** | सागर /हरदा/ सरगुजा

लोकसभा चुनावों के लिए तेज होते सियासी घमासान के बाद पीएम मोदी मध्य प्रदेश के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने राज्य के बुंदेलखंड अंचल के सागर संभाग में बड़तूमा और बाद में बेतूल में जनसभाओं को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने भोपाल में रोड शो किया। इससे पहले पीएम मोदी ने बुधवार को छत्तीसगढ़ के सरगुजा के अंबिकापुर में भी चुनाव सभा को संबोधित किया और धर्म पर आधरित आरक्षण को लेकर कांग्रेस को घेरा। पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ में लगातार दूसरे दिन भी चुनाव सभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने मध्य प्रदेश के हरदा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में आया है कि विपक्षी गठबंधन इंडिया में चर्चा चल रही है कि इंडी अलायंस वाले वन ईयर वन पीएम फॉर्मूला बना रहे हैं। यानी एक साल एक पीएम, दूसरे साल दूसरा पीएम, तीसरे साल तीसरा पीएम, चौथे साल चौथा पीएम, पांचवें साल पांचवां पीएम। ये पीएम की कुर्सी का भी ऑक्शन करने में लगे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस का सबसे बड़ा विरोध बाबा साहेब अंबेडकर ने किया था।




### एससी/एसटी और ओबीसी से आरक्षण को छीनने की कोशिश

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा बाबा साहेब के संविधान को मिटाने और एससी/एसटी और ओबीसी से आरक्षण को छीनने की कोशिश करती रही है। कांग्रेस एससी/एसटी और ओबीसी से आरक्षण छीन कर अपने खास वोट बैंक को देना चाहती है। जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी थी, तब उन्होंने सबसे पहले आंध्र प्रदेश में धर्म आधारित आरक्षण की शुरुआत की थी। लेकिन तब कांग्रेस अपने मंसूबों में पूरी तरह कामयाब नहीं हो पाई थी। लेकिन कांग्रेस अब भी वह खेल खेलना चाहती है।

### कर्नाटक में मुस्लिमों को बना दिया ओबीसी

पीएम मोदी ने कहा कि कर्नाटक में ओबीसी को जो आरक्षण मिलता है, उस ओबीसी के कोटे से आरक्षण का हिस्सा छीनने के लिए कांग्रेस ने प्रदेश के सभी मुस्लिमों को ओबीसी बना दिया। कांग्रेस की ये हरकत पूरे देश के ओबीसी समाज के लिए खतरे की घंटी है। कांग्रेस लगातार धर्म आधारित आरक्षण की बात करती है। पीएम मोदी ने कहा कि तेलंगाना के कांग्रेस के मुख्यमंत्री ने अभी नाम लेकर कहा है कि वह मुस्लिमों को आरक्षण दिलवा कर रहेंगे। कांग्रेस अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। अब कांग्रेस देश के लोगों की संपत्ति छीन कर उसे भी अपने वोट बैंक को मजबूत करने की तैयारी शुरू की है।

### कांग्रेस दलित व ओबीसी विरोधी

वहीं सागर के बड़तूमा में एक चुनाव सभा में पीएम मोदी ने बुंदेलखंड की धरती से जहां संत रविदास लोक मंदिर का उल्लेख कर एससी वर्ग को साधने का प्रयास किया तो वहीं केन-बेतवा लिंक परियोजना, बंडा वृहद सिंचाई परियोजना, बुंदेलखंड सहित मध्य प्रदेश में हाईवे निर्माण का उल्लेख कर पूरे प्रदेश को विकास का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दलित और ओबीसी विरोधी है। इनकी भाषा आपने सुनी है क्या? हमने सागर में संत रविदास जी के भव्य मंदिर का शिलान्यास किया था। कांग्रेस ने उस समय कहा था कि मंदिर की जगह यहां कुछ और बन जाता। कांग्रेस को दलित संत का मंदिर भी बर्दाश्त नहीं हो रहा है। अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर की प्राण—प्रतिष्ठा के समय इन्होंने क्या किया, पूरे देश ने देखा है। कांग्रेस दलित और ओबीसी विरोधी है। इनकी भाषा आपने सुनी है क्या? मोदी बोले इन्हें मंदिर और मंदिर जाने वालों से दिक्कत है। हमने सागर में संत रविदास जी के भव्य मंदिर का सागर में शिलान्यास किया था। कांग्रेस ने उस समय कहा था कि मंदिर की जगह यहां कुछ और बन जाता। कांग्रेस को दलित संत का मंदिर भी बर्दाश्त नहीं हो रहा है।

## कांग्रेस लगा देगी विरासत पर टैक्स

**एजेंसी** | सरगुजा

इससे पहले पीएम मोदी ने बुधवार को दूसरे दिन छत्तीसगढ़ में सरगुजा जिले के अंबिकापुर में चुनाव सभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने यहां भी धर्म के आधार पर आरक्षण को लेकर कांग्रेस को घेरा। पीएम मोदी ने अंबिकापुर की सभा के माध्यम सरगुजा के साथ ही कोरबा और रायगढ़ संसदीय सीट के मतदाताओं को साधने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ही आरक्षण की रक्षा कर सकती है। कांग्रेस की नजर आरक्षण पर ही नहीं बल्कि आपकी कमाई पर आपके मकान दुकान पर भी है।

कांग्रेस का कहना है कि वह विरासत टैक्स लगाएगी। माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी कांग्रेस टैक्स लगाएगी। कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी।




### कांग्रेस के इरादे नेक नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के इरादे नेक नहीं हैं। इनके इरादे संविधान के अनुरूप नहीं हैं, सामाजिक न्याय के अनुरूप नहीं हैं। अगर आपके आरक्षण की कोई रक्षा कर सकता है, तो सिर्फ और सिर्फ भाजपा कर सकती है। उन्होंने कहा कि जब मैं विकसित भारत कहता हूं, तो कांग्रेस वालों का और दुनिया में बैठी कुछ ताकतों का माथा गरम हो जाता है। अगर भारत शक्तिशाली हो गया, तो कुछ ताकतों का खेल बिगड़ जाएगा। अगर भारत आत्मनिर्भर बन गया, तो कुछ ताकतों की दुकान बंद हो जाएगी। इसलिए वो भारत में कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया की कमजोर सरकार चाहते हैं। कांग्रेस ने जनता का भरोसा खो दिया है। कांग्रेस, हिंसा फैलाने वालों का समर्थन कर रही है, उन्हें शहीद बता रही है।

### महापुरुषों की बातों की नहीं की परवाह

पीएम ने कहा कि वर्षों पहले, कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का प्रयास किया था। फिर कांग्रेस ने इसे पूरे देश में लागू करने की योजना बनाई। कांग्रेस ने कहा कि एसी-एसटी और ओबीसी का जो कोटा है, उसमें से चुरा कर धर्म के आधार पर कुछ लोगों को आरक्षण दिया जाए। जब संविधान बन रहा था, तब बाबा साहेब अंबेडकर के नेतृत्व में तय किया गया था कि भारत में धर्म के अनुसार आरक्षण नहीं होगा। लेकिन वोट बैंक की भूखी कांग्रेस ने इन महापुरुषों की बातों की परवाह नहीं की, संविधान की पवित्रता की परवाह नहीं की और न ही बाबा साहेब अंबेडकर के शब्दों की परवाह की।

### कांग्रेस नक्सलवादियों को कहती है शहीद

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास सत्ता के लालच में देश को तबाह करने का रहा है। देश में आतंकवाद फैला। आज भाजपा सरकार आतंकवाद, नक्सलवाद के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रही है। कांग्रेस हिंसा फैलाने का समर्थन कर रही है। कांग्रेस नक्सलियों के मारे जाने पर उन्हें शहीद कहती है, ऐसे में जवानों का अपमान है। कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता नक्सलियों के मारे जाने पर आंसू बहाती हैं। ऐसी करतूत के कारण कांग्रेस देश का भरोसा खो चुकी है। आज मैं सरगुजा में कांग्रेस की मुस्लिम लीग सोच को देश के सामने रखना चाहता हूं। कांग्रेस के मेनिफेस्टो पर हमला बोलते हुए कहा कि मेनिफेस्टो में मुस्लिम लीग की छाप है।

## राहुल का PM व भाजपा पर निशाना

# जातिगत जनगणना मेरी जिंदगी का मिशन, इसे कोई नहीं रोक सकता

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि जो अपने आप को देशभक्त कहते हैं वो 90 प्रतिशत लोगों के लिए न्याय सुनिश्चित करने वाली जाति आधारित जनगणना के एक्स-रे के विरोध में खड़े हो गए हैं। राहुल ने पीएम मोदी और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वे जाति आधारित जनगणना को रोक नहीं सकते।

राहुल गांधी ने बुधवार को नई दिल्ली में 'समृद्ध भारत' नामक संगठन की ओर से आयोजित सामाजिक न्याय सम्मेलन में मुख्य वक्ता के तौर पर संबोधित करते हुए कहा कि जाति जनगणना मेरे लिए राजनीति नहीं है, यह मेरे जीवन का मिशन है। राजनीति के साथ समझौता किया जा सकता है, लेकिन मिशन के साथ कोई समझौता नहीं।

उन्होंने कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत जातिगत जनगणना को नहीं रोक सकती। जब कांग्रेस सत्ता में आएगी तो जातिगत जनगणना पहला काम होगा जो हम करेंगे। यह मेरी गारंटी है। जाति आधारित जनगणना का एक्स-रे और न्याय भाजपा के लिए राजनीतिक मुद्दा नहीं है।



### जाति को लेकर PM पर साधा निशाना

राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर प्रहार करते हुए कहा, मोदी ने देश से 10 साल पहले कहा कि वह ओबीसी हैं। जैसे ही मैंने जाति आधारित जनगणना और एक एक्सरे की बात की तो नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि जाति ही नहीं होती है। अगर जाति नहीं है तो आप ओबीसी कैसे हैं? आपको उसी समय कहना चाहिए था कि मेरी कोई जाति नहीं है। राहुल गांधी ने कहा कि अगर आपको महाशक्ति बनना है और चीन से मुकाबला करना है तो 90 फीसदी लोगों की शक्ति का इस्तेमाल तो करना ही होगा।

### कांग्रेस के घोषणा पत्र से घबराए मोदी

उन्होंने दावा किया कि पीएम उनकी पार्टी के क्रांतिकारी घोषणा पत्र से घबरा गए हैं। मैं सिर्फ यह कह रहा हूं कि हिंदुस्तान में आज 90 प्रतिशत लोगों के साथ भयंकर अन्याय हो रहा है। मैंने ऐसा नहीं कहा कि हम कोई कार्रवाई करेंगे, हमने सिर्फ यह कहा कि यह पता लगाएंगे कि कितना अन्याय हो रहा है। भाजपा ने व्यापारियों को 16 लाख करोड़ नितरित किए हैं। अगर उनकी पार्टी सत्ता में आई तो उस पैसे को फिर से जनता के बीच बांटेंगे।

### संपत्ति के बंटवारे मामले में दी सफाई

संपत्ति के बंटवारे के विवाद पर राहुल गांधी कहा, मैंने अभी तक यह नहीं कहा है कि हम संपत्ति के बंटवारे पर कार्रवाई करेंगे। मैं सिर्फ यह कह रहा हूं कि इस बात की जानकारी ली जाएगी कि कितना अन्याय हुआ है। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना सिर्फ एक जाति सर्वेक्षण नहीं है बल्कि इसमें आर्थिक और संस्थागत घटक भी शामिल किए जाएंगे।

### उद्घाटन में दलित आदिवासी नजर नहीं आए

राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह पर राहुल ने कहा, राम मंदिर और संसद भवन उद्घाटन में एक भी दलित, आदिवासी को नहीं देखा गया। राहुल ने 22 जनवरी को आयोजित राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अलग रखने पर भी भाजपा पर कटाक्ष किया। मीडिया उन्हें गैर-गंभीर राजनेता के रूप में चित्रित करती है। इसके अलावा मनरेगा, भूमि अधिग्रहण बिल के खिलाफ लड़ाई, 'न्यामगिरि' और 'भट्टा पारसौल' के मुद्दे को भी मीडिया गंभीर मुद्दों के रूप में नहीं दिखाती है।

## विरासत टैक्स पर सियासी घमासान

# कांग्रेस ने पित्रोदा के बयान से पल्ला झाड़ा, कहा- यह पार्टी का रुख नहीं

**एजेंसी** | नई दिल्ली

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा का अमेरिका की तर्ज पर संपत्ति पर विरासत कर लगाने संबंधी बयान पर सियासी घमासान तेज हो गया है। भाजपा इस मुद्दे को लेकर हमलावर हो गई है। पीएम मोदी ने भी इस कांग्रेस को घेरा है।

वहीं, कांग्रेस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे पित्रोदा का निजी बयान बताकर पल्ला झाड़ने का प्रयास किया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बुधवार को कहा कि सैम पित्रोदा को खुलकर और आजादी से अपने विचार रखने का अधिकार है। लेकिन यह जरूरी नहीं कि पित्रोदा के विचार किसी मुद्दे पर कांग्रेस का पक्ष हों। कई बार वे नहीं होते। रमेश ने एक्स पर पोस्ट में कहा, वे मेरे और दुनिया में कई लोगों के अच्छे मेंटर, दोस्त और मार्गदर्शक रहे हैं। पित्रोदा किसी भी मुद्दे पर अपनी राय को स्वतंत्रता के साथ रख सकते हैं।

जाहिर तौर पर एक लोकतंत्र में लोगों को अपने निजी विचारों पर चर्चा करने और उन्हें रखने का अधिकार है। इसका यह मतलब नहीं कि उनका विचार हमेशा कांग्रेस का विचार दर्शाता हो। कई बार ऐसा नहीं होता है। उनके बयान को इस वक्त सनसनीखेज बनाकर



चलाना और इसे परिप्रेक्ष्य से बाहर ले जाना पीएम मोदी के दुर्भावनापूर्ण चुनावी अभियान से ध्यान बंटाने की कोशिश है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि ये कांग्रेस की विचारधारा नहीं है। इससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है।

### यह कहा था पित्रोदा ने



सैम पित्रोदा ने कहा, अमेरिका में विरासत कर (टैक्स) लगता है। अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 फीसदी अपने बच्चों को दे सकता है। 55 फीसदी सरकार द्वारा ले ली जाती है। यह एक दिलचस्प नियम है। यह कहता है कि आपने अपनी पीढ़ी में संपत्ति बनाई और अब आप जा रहे हैं, आपको अपनी संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए। हालांकि पूरी नहीं, आधी ही। ये जो निष्पक्ष कानून है मुझे अच्छा लगता है।

### बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया मैंने सिर्फ उदाहरण दिया था: पित्रोदा

इस बीच,सैम पित्रोदा ने भी सफाई देते हुए कहा है कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया। ऐसा इसलिए हो रहा है ताकि पीएम मोदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर जो झूठ बोला है, उससे ध्यान हटाया जा सके। उन्होंने कहा, मैंने अमेरिका के विरासत टैक्स का जिक्र सिर्फ एक टीवी डिबेट में उदाहरण के तौर पर किया था। क्या मैं तथ्यों का जिक्र नहीं कर सकता? मेरा कहना था कि ऐसे मामलों पर लोगों को बात करनी चाहिए। इसका कांग्रेस या किसी भी पार्टी की पॉलिसी से लेना-देना नहीं है। आखिर किसने कहा है कि 55 पर्सेंट ले लिया जाएगा। ऐसा कुछ भारत में होगा? आखिर भाजपा और मीडिया में घबराहट क्यों है?'

### पित्रोदा का बयान विदेशी शक्तियों से प्रेरित: सुधांशु

शुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सैम पित्रोदा का बयान विदेशी शक्तियों से प्रेरित हैं। विदेश का जो उदाहरण उन्होंने दिया है, उसमें 45 प्रतिशत तक टैक्स लगता है। दुनिया एक साथ आगे बढ़ रही है। बीजेपी नेता ने कहा कि हर साल 7 हजार टन सोना भारत में खरीदा जाता है। गरीब से गरीब व्यक्ति भी अपने पास सोना रखना चाहता है। क्या आप उस बचत के ऊपर 45 प्रतिशत टैक्स लगाना चाहते हैं। त्रिवेदी ने सैम पित्रोदा को लताड़ लगाते हुए कहा कि हमारे यहां सोना कोई एसेट नहीं है। विदेश के माइंड सेट से बाहर आइए। अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।

## जरूरी खबर

### वंदे भारत ट्रेन में अब मिलेगी आधा लीटर पानी की बोतल



**नई दिल्ली।** ट्रेनों में पीने के पानी की बर्बादी को बचाने के लिए रेलवे ने एक अहम पहल की है। इसके तहत रेलवे ने फैसला किया है कि सभी वंदे भारत ट्रेनों में प्रत्येक यात्री को 500 मिलीलीटर की एक रेल नीर पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर (पीडीडब्ल्यू) बोतल दी जाएगी। इसके अलावा 500 मिलीलीटर की एक और रेल नीर पीडीडब्ल्यू बोतल यात्रियों को मांग पर बिना कोई अतिरिक्त राशि लिए मुहैया कराई जाएगी। पहले ट्रेन में एक लीटर की पानी की बोतल मुहैया कराई जाती थी। ज्यादातर यात्री एक लीटर पानी का इस्तेमाल नहीं कर रहे थे। इस वजह से अब एक लीटर पानी को दो हिस्सों में दिए जाने का फैसला किया गया है।

### मणिपुर-नागालैंड के बीच पुल पर IED से धमाका

**इंफाल।** जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर के कांगपोकपी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 2 पर एक पुल बुधवार तड़के एक संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) से किए गए विस्फोट में आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। विस्फोट के बाद क्षेत्र में यातायात बाधित हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट मंगलवार देर रात करीब 12.45 बजे सपरमीना और कुब्रू लीखा इलाकों के बीच पुल पर हुआ। उन्होंने बताया कि से विस्फोट में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुल के दोनों छोर पर तीन गड्ढे और दरारें देखी गईं।

### चुनावी बॉन्ड मामले में SIT जांच की मांग

**नई दिल्ली।** चुनावी बॉन्ड योजना पर विवाद अभी खत्म हुआ भी नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर दी गई है। इसमें अदालत की निगरानी में विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच की मांग की गई है। शीर्ष अदालत ने 15 फरवरी को भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई गुमनाम राजनीतिक फंडिंग की चुनावी बांड योजना को रद्द कर दिया था। वकील प्रशांत भूषण के माध्यम से दायर याचिका में अधिकारियों को कंपनियों द्वारा दान किए गए पैसे को 'क्विड प्रो क्वो व्यवस्था' के हिस्से के रूप में वसूलने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। चुनावी बॉन्ड घोटाले में ऐसा प्रतीत होता है कि देश की कुछ प्रमुख जांच एजेंसियां जैसे कि सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग भ्रष्टाचार का सहायक बन गई हैं।

### उपराष्ट्रपति ने प्रदान किए एआईएमए अवार्ड




*नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में एआईएमए मैनेजिंग अवार्ड प्रदान करते हुए।*

### अखिलेश कन्नौज से लड़ेंगे चुनाव, नामांकन आज



**कन्नौज।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव कन्नौज लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने अब अपने भतीजे व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के दामाद तेज प्रताप सिंह यादव का टिकट काटकर खुद चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। अखिलेश नामांकन के अंतिम दिन गुरुवार को दोपहर 12 बजे पर्चा भरेंगे। अखिलेश के कन्नौज से चुनाव लड़ने से चुनावी समीकरण दिलचस्प हो जाएंगे। सपा ने दो दिन पहले 22 अप्रैल को कन्नौज सीट से पूर्व सांसद तेज प्रताप को टिकट दिया था। तेज प्रताप की उम्मीदवारी की घोषणा के बाद से ही सपा की स्थानीय इकाई विरोध करने लगी थी। सपा ने यूपी से तीन और उम्मीदवार घोषित किए हैं। वाराणसी से लगी हुई भदोही सीट पर मुस्लिम उम्मीदवार पर दांव लगाया है।

#### SC ने ईवीएम-वीवीपैट मामले में फैसला रखा सुरक्षित, कहा...

# चुनाव को नहीं कर सकते कंट्रोल संदेह के आधार पर आदेश नहीं

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को इलेक्ट्रॉनिंग वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए डाले गए सभी वोट का वीवीपैट(वीवीपीएटी) के साथ मिलान करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई। जिसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षिता रखा। इस दौरान कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए साफ किया कि वह चुनावों के लिए कंट्रोलिंग अर्थॉरिटी नहीं है और भारत के चुनाव आयोग के कामकाज को निर्देशित नहीं कर सकता है। अदालत ने कहा, हम उन चुनावों को नियंत्रित नहीं कर सकते, जो किसी अन्य संवैधानिक प्राधिकरण (चुनाव आयोग) द्वारा आयोजित किए जाने हैं। अदालत ने यह भी कहा कि चुनाव निकाय ने संदेह को दूर कर दिया है। हमारे कुछ सवाल थे, जिनके जवाब दे दिए गए हैं।





### कोर्ट ने ईवीएम व वीवीपैट पर पूछे सवाल

कोर्ट ने ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा और प्रोग्रामिंग के बारे में चुनाव आयोग से कुछ सवाल पूछे और आयोग द्वारा उनका उत्तर दिए जाने और ईवीएम वीवीपैट मशीन में किसी भी तरह की छेड़छाड़ की संभावना से इनकार किए जाने पर मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। एडीआर की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण के सवालों का जवाब देते हुए कोर्ट ने कहा कि यदि आप किसी विचार-प्रक्रिया के बारे में पूर्वनिर्धारित हैं, तो हम आपकी मदद नहीं कर सकते।

### चुनाव आयोग से मांगा था SC ने स्पष्टीकरण

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कार्यप्रणाली के कुछ खास पहलुओं पर बुधवार को चुनाव आयोग से स्पष्टीकरण मांगा था। साथ ही निर्वाचन आयोग के एक शीर्ष अधिकारी को दोपहर दो बजे तलब किया था। चुनाव आयोग ने दोहराया कि ईवीएम और वीवीपैट मशीन में किसी तरह की कोई छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है। आयोग ने मशीनों की सुरक्षा उन्हें सील किए जाने और उनकी प्रोग्रामिंग के संबंध में स्थिति स्पष्ट की। सुप्रीम कोर्ट में इस सुनवाई को काफी अहम माना जारहा है।

### EVM सोर्स कोड नहीं किया जा सकता जारी

याचिकाकर्ता की ओर से ईवीएम सोर्स कोड का खुलासा करने की मांग की गई तो कोर्ट ने साफ तौर पर इनकार करते हुए कहा कि ईवीएम सोर्स कोड कभी नहीं जारी नहीं किया जा सकता, उसका दुरुपयोग हो सकता है। दत्ता की पीठ ने चुनाव आयोग के एक अधिकारी से ईवीएम की कार्यप्रणाली के संबंधित पांच सवाल पूछे जिनमें यह सवाल शामिल था कि क्या ईवीएम में लगे 'माइक्रोकंट्रोलर' फिर से प्रोग्राम करने योग्य हैं या नहीं?

#### SC की संविधान पीठ में सुनवाई

## किसी प्राइवेट प्रॉपर्टी का अधिग्रहण नहीं हो सकता यह कहना होगा खतरनाक

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि संविधान का उद्देश्य सामाजिक बदलाव की भावना लाना होता है। यह कहना खतरनाक होगा कि किसी शख्स की प्राइवेट प्रॉपर्टी, समुदाय का भौतिक संसाधन नहीं माना जाना सकता है। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच कहा कि यह कहना खतरनाक होगा कि लोक कल्याण के लिए प्राइवेट संपत्ति का अधिग्रहण नहीं किया जा सकता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली 9 जजों की बेंच ने यह टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट के सामने यह कानूनी सवाल है कि क्या प्राइवेट मालिकाना हक वाले संसाधनों को समुदाय का भौतिक संसाधन माना जा सकता है? सुप्रीम कोर्ट में मुंबई के प्रॉपर्टी ऑनर्स एसोसिएशन सहित अन्य पक्षकारों की ओर से दलील दी गई कि संवैधानिक स्कीम के नाम पर राज्य के अधिकारी द्वारा प्राइवेट प्रॉपर्टी को कब्जा नहीं किया जा सकता है। इनकी दलील है कि संविधान के अनुच्छेद-39 बी और 31 सी की संवैधानिक योजनाओं के तहत संपत्ति पर कब्जा नहीं हो सकता है।



सुप्रीम कोर्ट के सामने यह जटिल प्रश्न है कि क्या संविधान के अनुच्छेद-39 बी के तहत प्राइवेट संपत्ति को समुदाय का भौतिक संसाधन माना जा सकता है? 9 जजों की बेंच ने यह टिप्पणी की है कि यह कहना थोड़ा ज्यादा बड़ी बात होगी कि समुदाय के भौतिक संसाधन का मतलब सिर्फ पब्लिक प्रॉपर्टी से है।

#### कई देशों के साथ मिलकर भारत बना रहा साझा उपग्रह

## इसरो का वैज्ञानिकों का पूल बनाने पर जोर

**एजेंसी | कोलकाता**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) के चेयरमैन एस. सोमनाथ ने कहा है कि चंद्रयान-3 का उद्देश्य इंजीनियरिंग और विज्ञान के व्यापक क्षेत्रों में भागीदारी को बढ़ावा देना है। उन्होंने क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए एक वैज्ञानिक पूल तैयार करने पर जोर दिया। इससे अंतरिक्ष अन्वेषण के साथ साथ अलग अलग औद्योगिक क्षेत्रों को भी बल मिलेगा। उन्होने कहा कि इसरो एक संयुक्त उपग्रह निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार) बना रहा है। इसके लिए यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी, जापान, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के साथ गठजोड़ कर रहा है। सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान-3 का महत्व इसी बात से पता चलता है कि अंतरिक्ष अनुसंधान के साथ-साथ विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में युवाओं की रूचि बढ़ रही है। अब नई पीढ़ी अंतरिक्ष क्षेत्र की नई चुनौतियों की तरफ आकर्षित हो रही है।



### इलेक्ट्रॉनिक्स पर जोर देना जरूरी

एस सोमनाथ ने कहा कि चंद्रमा मिशन की सफलता से न केवल अंतरिक्ष-संबंधी क्षेत्रों को बल मिला है, बल्कि इंजीनियरिंग, गणित और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के लिए भी रास्ते खोले हैं। हम आईटी क्षेत्र में बहुत अच्छा कर रहे हैं, लेकिन अब हमने इलेक्ट्रॉनिक्स पर जोर देना शुरू किया है। उन्होंने कहा कि हम सिस्टम के आपूर्तिकर्ता हैं लेकिन निर्माता नहीं लेकिन धीरे-धीरे हम इस ओर बढ़ रहे हैं।

### अन्य देशों के साथ बना रहा उपग्रह

अन्य देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों के साथ सहयोग के बारे में बोलते हुए एस सोमनाथ ने कहा कि इसरो एक संयुक्त उपग्रह NISAR (नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार) बना रहा है। उन्होंने कहा, इसरो इस उद्देश्य के लिए यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी, जापान, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के साथ गठजोड़ कर रहा है।

#### पश्चिम बंगाल: शिक्षक भर्ती मामला

## नियुक्तियां रद्द करने के फैसले को दी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**एजेंसी | नई दिल्ली**

शिक्षक भर्ती मामले में बंगाल सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। ममता सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी है।

यह मामला साल 2016 में की गई शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की लगभग 24,000 नियुक्तियों को रद्द करने के फैसले से जुड़ा है। सोमवार को हाईकोर्ट ने शिक्षकों की भर्ती को अवैध ठहराते हुए 24,000 उम्मीदवारों को अवैध भर्ती के बाद मिला हुआ वेतन वापस करने का आदेश दिया था

बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने मौखिक दलीलों के आधार पर और रिकॉर्ड पर किसी भी हलफनामे के अभाव में मनमाने ढंग से नियुक्तियां रद्द कर दी। सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने की मांग की है। बंगाल सरकार ने कहा है कि यह फैसला इस तथ्य की पूरी तरह से उपेक्षा करते हुए दिया गया कि इससे स्कूलों में एक बड़ा खालीपन पैदा हो जाएगा। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 2016 की शिक्षक भर्ती को किया रद्द कर दिया है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा सहायता प्राप्त विद्यालयों में राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की चयन प्रक्रिया सोमवार को अमान्य घोषित कर दी और इसके जरिए हुई सभी नियुक्तियों को रद्द करने का आदेश दिया।

#### रेल मंत्री वैष्णव का दावा

# पांच साल में खत्म होगी वेटिंग, मिलेगा कंफर्म टिकट

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सामान्य डिब्बों में भीड़भाड़ के बीच केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का कहना है कि अगले पांच वर्षों में लगभग सभी रेल यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिल सकता है। मीडिया रिर्पोर्ट के अनुसार अश्विनी वैष्णव ने यह भी कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेलवे में अभूतपूर्व परिवर्तन किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, अगले पांच वर्षों में, पीएम मोदी गारंटी देते हैं कि रेलवे की क्षमता इतनी बढ़ा दी जाएगी कि यात्रा करने वाले लगभग किसी भी यात्री को आसानी से कन्फर्म टिकट मिल सके। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी के जरिए रेलवे को और मजबूत किया जाएगा और खासकर यात्रियों के लिए सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जाएगा। वैष्णव ने पिछले दशक में भारतीय रेलवे के बदलाव पर भी जोर दिया और कहा, 2014 से 2024 तक 31,000 किलोमीटर नए ट्रैक बनाए गए। अश्विनी वैष्णव ने कहा, 2004 से 2014 तक के 10 वर्षों में, केवल लगभग 5,000 किलोमीटर का विद्युतीकरण हुआ, जबकि पिछले 10 वर्षों में आश्चर्यजनक रूप से 44,000 किलोमीटर का रेलवे विद्युतीकरण हुआ।





### गत एक दशक में बने 54,000 रेलवे कोच

मनमोहन सिंह की सरकार से तुलना करते हुए अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 2004-2014 तक केवल 32,000 कोच बनाए गए थे। जबकि 2014 से 2024 तक 54,000 कोच बनाए गए है। उन्होंने कहा कि समर्पित माल गलियारे के लिए 2014 से पहले एक किलोमीटर भी लाइन चालू नहीं की गई थी। वहीं अब, 2,734 किलोमीटर के दो समर्पित माल गलियारे चालू हो गए हैं।

### 552 ट्रेनें रद्द, 1112 का संचालन प्रभावित

**अंबाला (हरियाणा)।** किसान आंदोलन के कारण रेलवे को करोड़ों रुपए का नुकसान हो चुका है। 17 अप्रैल से किसान आंदोलन के कारण लगभग 1112 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो चुका है। वहीं 552 ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है। इसमें 247 के करीब मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें हैं और 305 के करीब पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं। जबकि 560 ट्रेनों को बदले मार्ग से संचालित किया गया है।

### 103 मालगाड़ियां प्रभावित

किसान आंदोलन के कारण जहां मेल व एक्सप्रेस सहित दैनिक ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो रहा है। वहीं मालगाड़ियों के संचालन पर भी असर पड़ा है। इसमें 103 मालगाड़ियां शामिल हैं जोकि धीरे-धीरे व्यस्त रेल मार्गों से गंतव्य तक पहुंच रही हैं। इसमें रेल फ्रेट कॉरिडोर खंड की भी मदद ली जा रही है ताकि देश के अन्य हिस्सों में जरूरी सामान की कमी न हो। दिल्ली और फिरोजपुर मंडल के साथ मिलकर ट्रेनों के संचालन को लेकर योजना तैयार की गई है।

## चुनावी सभा के दौरान मंच पर बेहोश हुए गडकरी

**एजेंसी | यवतमाल**

महाराष्ट्र के यवतमाल में बुधवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भाषण देते हुए मंच पर अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। मंच पर मौजूद लोगों ने उन्हें उठाया और तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले गए। गडकरी यवतमाल के पुसद में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। संबोधन के दौरान वह अचानक लड़खड़ा कर गिर गए। हालांकि, वहां आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें संभाला और इलाज के लिए अस्पताल ले गए। कार्यकर्ताओं को गडकरी के चेहरे पर पानी छिड़कते और उन्हें मंच से दूर ले जाते देखा गया। नागपुर से भाजपा के उम्मीदवार गडकरी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना नेता राजश्री पाटिल के लिए प्रचार कर रहे थे, जो यवतमाल-वाशिम लोकसभा सीट से सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के उम्मीदवार हैं। तबीयत ठीक होने के बाद नीतिन गडकरी ने एक्स पर लिखा,रैली के दौरान गर्मी की वजह से असहज महसूस किया। लेकिन अब पूरी तरह से स्वस्थ हूं। अगली सभा में सम्मिलित होने के लिए वरूड के लिए निकल रहा हूं। आपके स्नेह और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद।



## श्री महावीरजी की रथयात्रा में उमड़ा जन सैलाब

# जयकारों संग श्रीजी का पंचामृत अभिषेक

### दिखी साम्प्रदायिक सौहार्द की झलक

बेधड़क | जयपुर /श्री महावीरजी

करौली जिले में स्थित दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी के वार्षिक मेले के तहत बुधवार को भगवान महावीर की भव्य रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में श्रद्धालु रथयात्रा में शामिल हुए।

आस - पास के गांवों सहित देश के कोने - कोने से आए हजारों श्रद्धालु प्रभु की रथयात्रा के इस पावन अवसर में शामिल होकर खुद को धन्य समझ रहे थे। रथयात्रा में शामिल होने के लिए ग्रामीणजन मंगलवार रात ही श्री महावीरजी एवं मंदिर परिसर में आ डटे थे। समूहों में ये ग्रामीणजन रातभर लोकगीतों पर नृत्य कर प्रभु की रथयात्रा के उस अद्वितीय क्षण का इंतजार कर रहे थे।

रथयात्रा के शुभारम्भ होने के लगभग दो घंटे पूर्व ही छतों एवं बरामदों में लोगों का जमा होना प्रारंभ हो गया। मुख्य मन्दिर से महावीर भगवान की प्रतिमा का अभिषेक करने के बाद केसरिया वस्त्र पहने, रजत मुकुट लगाये एवं इन्द्रों का रूप धारण किए श्रद्धालुओं ने प्रतिमा को मंदिरजी से पालकी में लाकर बाहर पाण्डाल में स्वर्णिम आभा से सुसज्जित विशाल रथ में विराजमान किया। इससे पहले प्रबंधकारिणी कमेटी द्वारा मूलनायक भगवान महावीर स्वामी की मूर्ति निकालने वाले चर्मकार वंशज के प्रतिनिधि का सम्मान किया गया। शोभायात्रा का आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भक्ति भाव और आस्था का परिचय दिया। शोभायात्रा का जगह-जगह पर लोगों ने स्वागत किया।



### कवि सम्मेलन में किए भगवान महावीर के गुणगान

रात्रि में सांस्कृतिक मंच पर राष्ट्रीयकवि सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें देश के प्रख्यात कवियों ने भगवान महावीर के कृतित्व व व्यक्तित्व पर कविता पाठ किया। अहिंसा, शाकाहार, त्याग, तपस्या के साथ बेटी बचाओ - बेटी पढाओ तथा कन्या भ्रूण हत्या नहीं करने एवं देश भक्ति का संदेश,देश के लिए मर-मिटने वाले शहीदों के परिवारों की व्यथा कवियों की कविताओं में झलक रहाथा। कवि सम्मेलन में दिल्ली की मनु वैशाली ने मंगलाचरण किया। मंच संचालक एवं प्रसिद्ध कवि उदयपुर निवासी राव अजात शत्रु ने हे महावीर तेरी जय हो, तेरी जय हो, जय निश्चय हो, हिंसा की चौखट पर दुनिया दुनिया में अहिंसा की जय हो प्रस्तुत कर तालियां श्रोताओं की बटोरी।

### नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मन मोहा

श्री महावीरजी में मंगलवार रात्रि कटला प्रांगण में महिला जागृति संघ, जयपुर द्वारा श्रीमहावीर जी के मेले में नाटक सती अंजना पर आधारित 'वीर पुत्र हनुमान का जन्म जंगल में' का सुन्दर मंचन किया गया। इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम का आगाज़ हुआ। प्रसिद्ध निर्देशक राजू शर्मा एवं अध्यक्ष शशि जैन जैन के निर्देशन में श्री महावीर जी की समिति ने पूरी टीम का साधुवाद दिया। इससे पूर्व कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नृत्यों का दर्शकों ने भरपूर आनन्द लिया। प्रभु महावीर की महिमा के गुणगान के साथ ही कलाकारों ने नाटक की प्रस्तुति से जमकर तालियां बटोरीं।

### बैंड बाज के साथ निकली शोभायात्रा

आचार्य विमल सागर, उपाध्याय ऊर्जयन्त सागर, मुनि चिन्मयानन्द महाराज के सानिध्य में जयकारों के बीच रथयात्रा का शुभारम्भ हुआ। सबसे आगे निशान का घोड़ा उसके बाद बैण्ड था, जो केसरिया बाना पहनकर स्वर लहरियां बिखेर रहा था। बैण्ड के पीछे 21 केसरिया ध्वज रथयात्रा को विशिष्ट स्वरूप दे रहे थे। वही विभिन्न संस्थाओं के 1000 से अधिक सदस्य जयकारे लगाते हुए भक्तिमय माहौल बना रहे थे। उसके पीछे धर्मचक्र और फिर जैन मूल संघ आमनाय भट्टारकजी की पालकी को उठाये श्रद्धालु चल रहे थे। पालकी के पीछे विशालकाय ऐरावत हाथी ग्रामीणों का मन मोह रहा था। ऐरावत पर क्षेत्र कमेटी के संयुक्त मंत्री उमराव मल संघी के साथ समाजश्रेष्ठी विराजमान थे। घोडो वाले नवीन रथ पर जिनवाणी को लेकर इन्द्र कुमार तथा सारथी के रूप संतोष जैन एवं कमेटी उपाध्यक्ष एस के जैन ,रथ पर सुधीर कासलीवाल, अनिल दीवान एवं रुपिन काला चंवर ढुला रहे थे। बैलों वाले मुख्य रथ पर भगवान महावीर की प्रतिमा विराजमान थी। उपजिला कलेक्टर, हिण्डौन हेमराज गुर्जर व प्रबन्धकारिणी कमेटी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल सारथी के रूप में बैठे थे। रथयात्रा के साथ प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य नरेश कुमार सेठी, जस्टिस नगेन्द्र कुमार जैन सहित मेले के प्रचार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा सहित हजारों श्रद्धालु भगवान महावीर के जयकारे लगाते चल रहे थे।

## 'एकम 2024' का आयोजन



बेधड़क. जयपुर। मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर (एमयूजे) ने मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर परिसर में अपने साथियों और फैकल्टी मेंबर्स से मिलने के लिए ऑनलाइन डिग्री के शिक्षार्थियों के लिए एक व्यक्तिगत कार्यक्रम एकम 2024 का आयोजन किया। देश भर से एमबीए, एमसीए, एमसीओएम, बीसीए, बीबीए, बीसीओएम और एमए-जेएमसी सहित एमयूजे के विभिन्न ऑनलाइन कार्यक्रमों में नामांकित लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। ऑनलाइन शिक्षार्थियों को मिलने और मूल्यवान कनेक्शन बनाने के लिए एक इंटरैक्टिव स्थान बनाने के लिए हर साल एकम का आयोजन किया जाता है जो उनकी शैक्षणिक यात्रा में उनके समग्र विकास में योगदान देगा। ऑनलाइन शिक्षार्थी और संकाय सदस्य संगीत, नृत्य, थिएटर, कविता और अन्य क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच पर आए। शिक्षार्थियों को व्यक्तिगत रूप से अपने संकाय के साथ बातचीत करने और सार्थक बातचीत करने का अवसर मिला। कार्यक्रम का उद्घाटन कमोडोर (डॉ.) जवाहर एम जांगिड़, प्रो प्रेसिडेंट, मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर ने किया, जिन्होंने ऑनलाइन छात्रों का स्वागत किया।

## तनिष्का बनीं मिस टीन अर्थ इंडिया



बेधड़क. जयपुर। मिस टीन अर्थ इंडिया सौंदर्य प्रतियोगिता में पटना की 15 वर्षीय तनिष्का शर्मा ने खिताब जीता। इस सफलता पर तनिष्का ने कहा कि इस पेजेंट में भाग लेने की वजह खुद को शारीरिक और मानसिक दोनों तौर पर बेहतर बनाने की कोशिश थी। लॉकडाउन के दौरान मेरा वजन 86 किलो हो गया था, इसे कम करने में लगभग सात महीने का वक्त लगा 21 किलो वजन घटाने के बाद एहसास हुआ कि देश में हर दूसरी लड़की इस समस्या से पीड़ित है। उनके अंदर आत्मविश्वास दिलाने के लिए मैंने इस पेजेंट में भाग लिया, मेहनत कर जीत हासिल की है। अभी मैं इंटरनेशनल मिस टीन अर्थ दीवा की तैयारी कर रही हूं और उस टाइटल को जीत कर फैशन उद्योग में देश के लिए बहुत कुछ करूंगी। जीत से पहले तनिष्का को ओपनिंग डांस, स्वीमवियर राउंड, ईवनिंग गाउन राउंड के साथ ही टाइटल राउंड से गुजरना पड़ा। जिसमें देश भर से कई कंटेस्टेंट ने हिस्सा लिया। काटें की टक्कर के बीच तनिष्का को विजेता चुना गया और सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। पटना की रहने वाली 15 वर्षीय तनिष्का के पिता डॉ. विकास शर्मा पशु चिकित्सक हैं और मां नीतू शर्मा इंजीनियर। तनिष्का ने अपनी पढ़ाई संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल से की है और अब एक बड़ी फैशन डिजाइनर बनना चाहती है। तनिष्का शर्मा अगले साल मिस टीन अर्थ में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## City इवेंट्स

### शार्क टैंक इंडिया में जयपुर के स्टार्टअप की चर्चा



बेधड़क. जयपुर। शहर के भामाशाह टेक्नो हब सेंटर में बुधवार को स्टार्टअप इंडिगिफ्ट्स के फाउंडर नितिन जैन लोगों के साथ लोकप्रिय गिफ्टिंग ब्रांड की सफलता की कहानी शेयर की। शार्क टैंक इंडिया में जयपुर के स्टार्टअप की चर्चा पर उन्होंने खुशी जाहिर की, साथ ही युवाओं को सक्सेस बिजनेस की जानकारी दी। अपने अनुभवों को शेयर किया। उन्होंने बताया कि इंडिगिफ्ट्स को शार्क टैंक इंडिया में काफी पसंद किया और जजेज ने सराहना की। इस प्लेटफॉर्म के जरिए आम लोगों तक भी पहुंच बढ़ी है। इस इवेंट में स्टार्टअप्स के लिए महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई, जिससे युवाओं को उचित सलाह मिली। विभिन्न उद्योगों के लोग इस इवेंट में शामिल होकर राजस्थान की सफल स्टार्टअप इकोसिस्टम को दर्शाते दिखे। आईस्टार्ट राजस्थान के कार्यक्रम मेंटर सिद्धार्थ शर्मा ने इस इवेंट के आयोजन पर खुशी जताई और राजस्थान के स्टार्टअप्स के विकास के लिए आईस्टार्ट राजस्थान के कमिटमेंट को जोर दिया। इस इवेंट की सफलता भविष्य के व्यवसाय को प्रेरित करने की महत्वता को साबित करती है।

### आध्यात्मिक कोच लीना आज होंगी रूबरू

बेधड़क. जयपुर। जयपुर में वेलनेस और आध्यात्मिक कोच लीना गुप्ता रूबरू होंगी. रासा वेलनेस द्वारा अपनी 10वीं वर्षगांठ के जश्न के लिए एक वेलनेस कार्निवल का आयोजन किया जा रहा है। जहां मुंबई की प्रसिद्ध जीवन, कल्याण और आध्यात्मिक कोच, लीना गुप्ता; क्लिनिकल न्यूट्रिशनिस्ट, सुरभि सिंह और योग और फिटनेस कोच, स्वाति सहारन कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर सत्र लेंगे। गुरुवार को रेडिसन होटल जयपुर सिटी सेंटर में होने वाले प्रोग्राम में जयपुर के लोग शिरकत करेंगे।

### टीम-10 ट्री एंबुलेंस आज करेगा पौधारोपण

बेधड़क. जयपुर। शहर के विद्याधर नगर के सेक्टर में बीड के बालाजी के सामने टीम 10 ट्री एंबुलेंस गुरूवार को पौधा रोपण और श्रमदान करेगी। इस बीच टीम के सदस्य दीवारों और रेलिंग पर रंग और पैंट करेंगे। इस कार्यक्रम के लिए टीम ने अपने सदस्यों को विभिन्न ग्रुप में बांटा है, जिन्हें अलग-अलग जिम्मेदारियों भी सौंपी गई हैं। टीम की ओर से पौधरोपण के बाद पौधों में टैंकर से पानी डालेगा। श्रमदान का ये सिलसिला सुबह 5.30 बजे शुरू होगा जो सुबह 10.30 बजे तक चलेगा। इससे पूर्व बुधवार को भी टीम 10 ट्री एंबुलेंस ने इस क्षेत्र में श्रमदान कर 14 बड़े टैंकर पानी पेड़ो मैं डाला, तीन पिकअप मलवा उठाया साथ ही विद्याधर नगर की गलियों के पेड़ो की सार संभाल की।

## अंधविश्वास पर उठाए सवाल

# दिलीप भट्ट के निर्देशन में 'जब जागो तब सवेरा' का मंचन



बेधड़क | जयपुर

बचपन चाहे अमीर के बच्चे का हो या गरीब बच्चे का, बचपन बचपन होता है। इसी को चरित्रार्थ करते हुए जब जागो तब सवेरा पर आधारित नुक्कड़ नाटक को प्रस्तुत किया गया।

वरिष्ठ रंगकर्मी दिलीप भट्ट के निर्देशन में लोहा मंडी नींदड और खोरा सैंथल में परंपरा नाट्य समिति के कलाकारों ने बड़े रोमांचक और आकर्षक ढंग से इसकी प्रस्तुति दी। गाड़ी लोहार के गरीब बच्चों और युवाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रदान की गई।

नाटक में दिखाया गया कि कोई भी बीमारी हो डॉक्टर को दिखाना बहुत आवश्यक है। अंध विश्वास में बच्चे के जीवन को बर्बाद नही करना चाहिए, चाहे दिल में छेद हो, हेजा, मलेरिया, गलगोठ आदि कई बीमारियां को दूर करने के लिए एक्सपर्ट की मदद लेनी चाहिए, न की झोलाछाप के यहां जाने की। टाबर संस्था की ओर से खोरा सैंथल में एक कैंप लगाकर गरीब बच्चों के इलाज की जानकारी और दवाइयां वितरित की गई। संस्था के रमेश पालीवाल और राकेश शर्मा ने सभी को जानकारी प्रदान की। नाटक में सूत्रधार दिलीप भट्ट, शहजोर अली, के के कोहली, नीरज कडेला, कैलाश विजय, महेश महावर, सचिन भट्ट ने अपने अभिनय से नुक्कड़ को अंत तक बांधे रखा।

## मानव एकता दिवस मनाया

# सत्संग भवन में आयोजित शिविर में 550 यूनिट रक्त एकत्रित



बेधड़क | जयपुर

संत निरंकारी मंडल और संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से मानव एकता दिवस पर मंडल के जोन 20-बी जयपुर के राजापार्क सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का अयोजन किया गया जिसमें 775 रक्तदाताओं ने रक्तदान हेतु रजिस्ट्रेशन किया जिसमें से 550 रक्तदाता रक्तदान करने में सफल रहे। रक्तदान शिविर का उद्घाटन मंडल के केंद्रीय प्रचारक संत दर्शन सिंह जी और जोनल इंचार्ज सुनील बाली, क्षेत्रीय संचालक मनोज कुमार ने जोन के अन्य ब्रांचों के संयोजकों, मुखियों के साथ किया। यह रक्तदान शिविर जोन 20 बी जयपुर के 18 ब्रांचो उदयपुरिया, विद्याधर नगर, हाथोज, ठिकरिया, मच्छ की पीपली, जयसिंहपुरा खोर, त्रिवेणी नगर- मानसरोवर, प्रताप नगर, तूंगा, देवगांव, दूदू, सांभर, रेनवाल, सांगानेर, कानोता, जमुवारामगढ़, वाटिका, रेनवाल आदि ब्रांचों ने सामिल होकर एस एम एस, ट्रोमा, महिला चिकित्सालय और स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के सहयोग से एकत्रित किया गया।

साथ ही जोन 20 बी के बांदीकुई संयोजक क्षेत्र में भी रक्तदान शिविर लगाकर 81 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर के उद्घाटन उद्बोधन में दर्शन सिंह ने रक्तदाताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि रक्तदान, मानव जीवन को बचाने हेतु की जाने वाली एक ऐसी सर्वोपरि सेवा है।

**चर्चा** फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर की ओर से आयोजित हुआ कार्यक्रम

# अंकुर वारिकू ने साझा किए अपनी सफलता के अनुभव

बेधड़क | जयपुर

फिक्की फ्लो के जयपुर चैप्टर ने एक ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया, जिसमें अंकुर वारिकू एक विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर की चेयरपर्सन रघुश्री पोद्दार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अंकुर वारिकू की यात्रा, उद्यमशीलता लोकाचार, सफलता और विफलता के साथ मुठभेड़, जीवन के दृष्टिकोण वगैरह विषयों पर एक मनोरम संवाद प्रदर्शित किया गया। जयपुर के मयूर स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में लोग खचाखच भरे रहे, जिसमें कामकाजी पेशेवरों से लेकर उद्यमियों तक विभिन्न पृष्ठभूमि की महिलाएं शामिल थीं। अंकुर वारिकू, एक प्रमुख उद्यमी जो अपने व्यावहारिक दृष्टिकोण के लिए जाने जाते हैं, एक विचारोत्तेजक बातचीत में शामिल हुए और रघुश्री पोद्दार द्वारा पूछे गए असंख्य सवालों का जवाब दिया। उनके स्पष्ट और व्यापक उत्तरों ने अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की, जो दर्शकों को गहराई से प्रभावित करती थी।





अंकुर वारिकू ने व्यावसायिक रणनीतियों, वित्तीय कौशल, जीवन सिद्धांतों और उससे आगे के मुद्दों पर उदारतापूर्वक अपना ज्ञान साझा किया, और उपस्थित लोगों को अपने व्यक्तिगत अनुभवों से प्राप्त कार्रवाई योग्य सलाह से समृद्ध किया।

### महिलाओं को सशक्त बनाना प्रतिबद्धता

व्यावहारिक ज्ञान और प्रेरक उपाख्यानों से भरपूर अंकुर वारिकू के संबोधन ने दर्शकों पर एक अमिट प्रभाव छोड़ा, जिससे उन्हें नए जोश और दृढ़ संकल्प के साथ अपनी आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा मिली। रघुश्री पोद्दार ने व्यवसाय में महिलाओं के लिए एक सहायक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने में कार्यक्रम की भूमिका पर जोर देते हुए, उनके ज्ञानवर्धक योगदान के लिए अंकुर वारिकू के प्रति आभार व्यक्त किया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, गुरुवार, 25 अप्रैल, 2024





मन के शांत हुए बिना "अज्ञात" को नहीं जाना जा सकता।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## गाजा में खुला इजराइली सेना का नया कांड!

# अस्पताल में खुदाई से निकली 200 लाशें

## हमास ने इजराइल पर लगाया अस्पताल को सामूहिक कब्रगाह बनाने का आरोप

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजरायल और हमास के बीच युद्ध शुरू हुए 200 दिन से ज्यादा का वक्त हो गया है। गाजा शहर में इजराइली सेना के कत्लेआम ने अमेरिका को भी भड़का रखा है। उसने उसकी एक बटालियन पर प्रतिबंधों की घोषणा की है। इस बीच गाजा में आईडीएफ का नया कांड सामने आया है। हमास अधिकारियों का आरोप है कि खान यूनिस अस्पताल में खुदाई के दौरान 200 से अधिक लाशें मिली हैं। हमास ने इजराइल पर अस्पताल को सामूहिक कब्रगाह बनाने का आरोप लगाया है। शवों की बर्बरता पर संयुक्त राष्ट्र भी भड़क गया है। उसका कहना है कि शवों में कुछ के हाथ बंधे हुए थे और कुछ के तन में कपड़े भी नहीं थे।

हमास के अधिकारियों ने दावा किया कि सैकड़ों निर्दोषों को इजराइली बलों ने मारकर अस्पताल में दफना दिया। हमास ने यहां सामूहिक कब्र होने का दावा किया है। हालांकि इजराइली सेना ने हमास के आरोपों को निराधार बताया और इस दावे को झूठा बताया है। रिपोर्ट के मुताबिक, क्षेत्र में इजराइली बलों और हमास आतंकियों के बीच लड़ाई के बीच फिलिस्तीनियों ने खुद पहले भी शवों को उस स्थान पर दफनाया था।

संयुक्त राष्ट्र अधिकार कार्यालय ने दावा किया है कि अस्पताल में खुदाई के दौरान बरामद कुछ शवों के हाथ बंधे हुए थे और कुछ के कपड़े उतारे हुए थे। आईडीएफ ने मामले में कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हाल के महीनों में नासिर अस्पताल के क्षेत्र में अपने ऑपरेशन के दौरान उसके सैनिकों ने इजराइली बंधकों का पता लगाने के लिए अस्पताल के मैदान में फिलिस्तीनियों द्वारा दफनाई गई लाशों की जांच की थी।

इजराइल रक्षा बलों ने हमास के आरोप को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया। आईडीएफ के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि इजराइली बंधकों की तलाश कर रहे हमारे बलों ने नासिर अस्पताल के पास फिलिस्तीनियों द्वारा पहले दफनाए गए शवों की जांच की थी और जांच के बाद शवों को वहीं रख दिया था, जहां उन्हें दफनाया गया था।





### अमेरिकी संसद में यूक्रेन-इजराइल के लिए 95 अरब डॉलर के पैकेज को मंजूरी

कई महीनों के इंतजार के बाद अमेरिकी संसद के उच्च सदन-सीनेट में यूक्रेन-इस्राइल की सहायता संबंधी पैकेज को मंजूरी मिल गई। अमेरिका के उच्च सदन में 79 विधायकों ने इस विधेयक के पक्ष में वोट दिया था, जबकि 18 इसके खिलाफ थे। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते यह विधेयक अमेरिकी संसद के निचले सदन-हाउज ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में पास हुआ था। तब रिपब्लिकन नेताओं ने अचानक से अपना रुख बदल लिया और यूक्रेन, इजराइल एवं ताइवान के लिए 95 अरब डॉलर की ज्यादातर सैन्य सहायता पर अपना समर्थन दिया।



## हिजबुल्ला ने इजराइल पर एक साथ दागे 35 रॉकेट

**एजेंसी** | यरुशलम

ईरान समर्थित लेबनान के सशस्त्र समूह हिजबुल्ला ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए उत्तरी इजराइल में 35 राकेट दागे हैं। राकेटों हमले से उत्तरी इजराइल के सफेड शहर और आसपास के क्षेत्रों में हवाई हमले के सायरन बज गए। इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि हमले में कोई घायल नहीं हुआ है। इसके जवाब में इजराइल ने भी दक्षिण लेबनान में हिजबुल्ला के बुनियादी ढांचे पर हवाई हमले किए। इजराइल ने मंगलवार को पूरे गाजा में हमले किए। इसे हाल के हफ्तों में सबसे बड़े हमलों में से एक माना जा रहा है।

इजराइली बलों ने खासकर उत्तरी गाजा को निशाना बनाया। स्थानीय निवासियों के अनुसार इजराइल यहां अपने सैनिकों को पहले ही उतार चुका है। उसने मंगलवार को हवाई हमलों के साथ टैंकों से भी मध्य और दक्षिण गाजा में गोले बरसाए।

## थाईलैंड ने बनाया 'आठवें अजूबे' का महाप्लान

**एजेंसी** | बैंकाक

दुनिया की सबसे ऊंची बिल्डिंग बुर्ज खलीफा है, लेकिन अब इससे भी बड़ी बिल्डिंग बनाने का प्लान किया जा रहा है, जिसके आगे बुर्ज खलीफा भी बौना लगेगा। यह महत्वाकांक्षी योजना थाइलैंड में आकार लेगी। इस विशाल इमारत को बैंकॉक में उसी कंपनी की ओर से बनाया जा सकता है, जिसने दुबई में रिकॉर्ड तोड़ने वाला टावर बनाया था। थाई प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने अपने एक्स अकाउंट पर चीनी और मध्य पूर्व की कंपनियों के साथ मीटिंग की डिटेल शेयर करते हुए घोषणा की। इस प्रोजेक्ट की सटीक ऊंचाई और लागत की स्पष्ट जानकारी नहीं है, लेकिन बुर्ज खलीफा से दुनिया की सबसे ऊंची इमारत का खिताब छीन लेगा। इस टॉवर का नाम क्या होगा, इसकी जानकारी नहीं है, लेकिन एक ही टॉवर में ऑफिस, होटल और एंटरटेनमेंट हब शामिल होंगे।

### पाकिस्तान-ईरान ट्रेड पर अमेरिका ने जताई नाराजगी

# ईरान के साथ व्यापार करने पर भुगतने होंगे बुरे परिणाम

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी तीन दिनों के पाकिस्तान दौरे के बाद वापस तेहरान लौट गए हैं, लेकिन रईसी की यात्रा ने अमेरिका को इस्लामाबाद से नाराज कर दिया है। रईसी का पाकिस्तान दौरा तब हुआ है जब ईरान और इजराइल के बीच तनाव बना हुआ है। अमेरिका ने ईरान के ऊपर और ज्यादा प्रतिबंध लगाने की बात कही है, इस बीच तेहरान के लिए रेड कार्पेट बिछाने की वजह से पाकिस्तान के ऊपर भी वाशिंगटन का कहर बरप सकता है। अमेरिका ने पहले ही पाकिस्तान को ईरान से संबंध न बढ़ाने की चेतावनी दी है। पाकिस्तानी दौरे पर आए ईरानी राष्ट्रपति के एजेंडे में व्यापार शीर्ष पर रहा और सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा हुई है। ईरान अपना व्यापार पाकिस्तान के साथ 10 अरब डॉलर तक पहुंचाना चाहता है, लेकिन विदेशी प्रतिबंध इसमें सबसे बड़ी बाधा है। उधर, अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि ईरान के साथ व्यापारिक समझौते पर विचार करने वाले को अमेरिकी प्रतिबंधों के संभावित जोखिम के बारे में पता होना चाहिए। ईरानी राष्ट्रपति की पाकिस्तान यात्रा पर सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने यह बात कही।



**ईरानी राष्ट्रपति का तीन दिवसीय पाक दौरा समाप्त:** ईरान के राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी का तीन दिवसीय पाकिस्तान दौरा बुधवार को खत्म हो गया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने उनके इस दौरे को सार्थक करार देते हुए कहा कि कई मुद्दों पर चर्चाओं, व्यापार एवं ऊर्जा समेत अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय वार्ता काफी कारगर साबित हुई। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए चुनाव के बाद यह किसी भी विदेशी नेता का पहला दौरा था।


### स्लिम लैंडर ने फिर भेजी तस्वीर

# तीसरी बार जागा जापान का 'चंद्रयान'

**एजेंसी** | टोक्यो

जापान के चंद्रमा मिशन ने एक बार फिर कमाल कर दिया है। जापान का स्लिम लैंडर तीसरी बार जाग गया है। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी ने बताया है कि मंगलवार को लैंडर के साथ एक बार फिर संपर्क हो गया। लैंडर ने इस दौरान चंद्रमा के सतह की तस्वीर खींची है। तीसरी बार चांद की सख्त ठंड में यह बच रहा है। जापान पर जब चांद का स्लिम मिशन लैंड हुआ था, तब भी इसमें गड़बड़ी आ गई थी। यह कुछ इस तरह लैंड हुआ कि सोलर पैनल पर सूर्य का प्रकाश नहीं पड़ रहा था। इस कारण इसके लैंडर बिजली नहीं बना पा रहे थे।

बुधवार को एजेंसी ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'पिछली रात हम स्लिम के साथ एक बार फिर संपर्क करने में सक्षम हुए। यह फिर से शुरू हो गया है। स्लिम ने तीसरी बार भी जीवित होने की पुष्टि की है। इसके नेविगेशन कैमरों से कल रात ली गई चंद्रमा के सतह की तस्वीर है। चूंकि यह तस्वीर चंद्रमा की अब तक की सबसे प्रारंभिक अवस्था में ली गई है। चंद्रमा कुल मिलाकर उज्जवल है और छाया बहुत छोटी हैं।' इसका तीसरी बार जागना इसकी मजबूती को दिखाता है।



**चंद्रमा पर की थी सटीक लैंडिंग:** जापान का चंद्रमा लैंडर स्लिम 20 जनवरी को चांद की सतह पर उतरा था। इस लैंडर ने सटीक लैंडिंग की थी, लेकिन इस दौरान इसके सोलर सेल सूर्य से विपरीत दिखा में थे। इस कारण जापान के लिए यह कामयाबी भी एक फेलियर की ही तरह थी। जापानी लैंडर अपनी रिजर्व बैट्री के दम पर कुछ घंटों तक चला और फिर बाद में बंद हो गया। 28 जनवरी को एजेंसी ने बताया था कि सूर्य की रोशनी की दिशा बदलने के कारण वह लैंडर ने बिजली बनानी शुरू कर दी है और एक बार फिर संपर्क हो गया है।

**चंद्रमा पर बेहद भीषण होता है तापमान:** चंद्रमा पर 14 दिनों की सुबह और 14 दिनों की रात होती है। जब यहां रात होती है तो तापमान माइनस 170 डिग्री सेल्सियस होता है। वहीं दिन में यहां का तापमान 100 डिग्री तक पहुंच जाता है। इतने भीषण तापमान को झेलकर लैंडर के उपकरणों का बचा रहना एक बड़ी कामयाबी है। स्लिम का पूरा नाम स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग मून है। जापानी स्पेस एजेंसी का लक्ष्य इस लैंडर के जरिए चंद्रमा पर सटीक लैंडिंग कराना था।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl